दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 11 अंक : 97 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 26 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 पेज 8

## देश के लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है न्यायपालिका, न्यायाधीशों की हर बात का अनुसरण करता है समाज: भजनलाल शर्मा

**कांस्टीट्यूशन क्लब में रिटायर्ड जजों का सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, राजस्थान हाई कोर्ट के एक्टिंग न्यायाधीश संजीव प्रकाश, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और बड़ी संख्या में रिटायर्ड जज भी रहे मौजूद**








जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोड़ देकर कहा कि देश के लोकतंत्र का न्यायपालिका मजबूत स्तंभ है और न्यायाधीशों का समाज में बड़ा सम्मान है और न्यायाधीशों की बातों का समाज अनुसरण भी करता है। मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित रिटायर्ड न्यायाधीश सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, राजस्थान हाई कोर्ट के एक्टिंग न्यायाधीश, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव श्रीनिवास तथा न्याय व्यवस्था से जुड़े सभी गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में रिटायर्ड न्यायाधीश भी मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि न्यायाधीशों की ओर से दिया गया निर्णय किसी एक व्यक्ति को राहत नहीं देता बल्कि वह पूरे समाज को दिशा देता है। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों और रिटायर्ड जजों से कहा कि आप सब समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को न्याय दिलाते हैं इसलिए हर जाति और बिरादरी का व्यक्ति सिर्फ आपको अपने भरोसे और उम्मीद की दृष्टि से देखा है और आप फैसला देखकर उसकी उम्मीद को पूरा भी करते हैं इसीलिए न्यायाधीश के एक-एक शब्द का समाज पूरा सम्मान करता है। न्यायाधीश के हर फैसले और हर बयान समाज अनुसरण तो करता ही है इसके अलावा व्यक्ति न्यायाधीश के बयान की लोगों में खूब चर्चा भी करता है। इसलिए न्यायाधीशों का समाज में खूब सम्मान है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने अनेक ऐसे बड़े-बड़े फैसले और निर्णय दिए हैं उन फैसलों से देश और समाज काफी लाभान्वित और प्रभावित हुआ है। इस तरह के फैसले चाहे पर्यावरण को लेकर हो या फिर मौलिक अधिकारों को लेकर हो ऐसे कई बड़े-बड़े फैसले अदालतों ने दिए हैं जिसका अच्छा व्यापक असर देखने को मिला ।उन्होंने कहा कि न्याय के प्रति हमारी जो संवेदनशीलता है वह आप सब की वजह से है, न्याय की अवधारणा जो आप समझते हैं उसमें देश और दुनिया में काफी बदलाव आया है जिसे आपने देखा भी है और महसूस भी किया है और आप सब काफी सौभाग्यशाली हैं जो आप इस बदलाव को अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अनुभूति तीन तरह से होती है एक पढ़कर दूसरी सुनकर और तीसरी देखकर जिसमें देखने वाली अनुभूति ज्यादा प्रभावशाली होती है इसी आधार पर आप पीड़ित लोगों को न्याय देते हैं सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन न्याय व्यवस्था विधिक संस्थाओं और समाज को आपस में जोड़ने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण साबित होगा उन्होंने सम्मेलन में आए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का भी आभार प्रकट किया और कहा कि सम्मेलन में इतनी बड़ी संख्या में रिटायर्ड होने के बाद भी आपने उपस्थित दिखाई जो यह बताता है कि आप आप देश की न्याय व्यवस्था को लेकर कितना सजग और जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन समय-समय पर होते रहने चाहिए इस तरह के सम्मेलनों से विचारों का आदान-प्रदान होता है। देश और दुनिया में न्यायिक व्यवस्था में जो बदलाव आ रहे हैं उन पर सामूहिक संवाद होने से अच्छे नतीजे निकलते हैं जो देश की न्याय व्यवस्था को और मजबूत और और पारदर्शक बनाने में काफी फायदेमंद साबित होते है।। इसलिए यह आयोजन भी न्याय व्यवस्था और समाज दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रदेश की खेती और किसानों को सशक्त बनाने के प्रयास, आज बेंगलुरु के दौरे पर

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज बेंगलुरु में व्यस्त कार्यक्रम, ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रोड शो में भी होंगे शामिल, लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में भी होंगे शामिल, और भी हैं कई कार्यक्रम**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की खेती और कृषक को सशक्त और नई दिशा देने के प्रयासों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। अभी हाल ही में भजनलाल सरकार की ओर से दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का आयोजन किया गया था जिसमें देश और दुनिया के कृषि जगत से जुड़े लोग और वैज्ञानिक के अलावा कृषि संबंधित अन्य व्यवसाय से जुड़े लोग भी शामिल हुए थे। आज बेंगलुरु में भी ग्लोबल राजस्थान एग्री टेकरोड शो का आयोजन किया जा रहा है इस रोड शो में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा आज दोपहर बेंगलुरु जा रहे हैं। आज दिनभर बेंगलुरु में मुख्यमंत्री शर्मा का काफी व्यस्त कार्यक्रम है ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट रोड शो में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रवासी राजस्थानी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तथा और भी कई अन्य कार्यक्रम है जहां उनका लेक्चर होगा। जानकारी के अनुसार अगले महीने राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के कई शहरों में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें खेती और खेती से जुड़े तमाम उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों के अलावा कृषि वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश और दुनिया के प्रतिनिधि विभिन्न विषयों पर आपस में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं तथा दुनिया भर में खेती में हो रहे नवाचार और नए-नए प्रयोगों के बारे में भी चर्चा करते हैं मुख्यमंत्री शर्मा का अलग-अलग बड़े-बड़े शहरों में जाकर ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट कार्यक्रम का आयोजन करके इस तरह के कार्यक्रमों में शामिल होने वाले सभी प्रतिनिधियों को अगले महीने जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी करते हैं। दिल्ली में भी पिछले दिनों आयोजित हुआ यह कार्यक्रम काफी सफल साबित हुआ था जो प्रदेश में खेती और कृषक को सशक्त बनाने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बेंगलुरु में जाकर राजस्थान की खेती और कृषक को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने प्रभावी भाषण के माध्यम से अलग पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे ।यह भी अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है जानकारी के अनुसार अगले महीने जयपुर में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा और कृषि विभाग से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी कड़ी मेहनत और प्रयास कर रहे हैं इसके लिए देश के अलग-अलग शहरों में जाकर राजस्थान की खेती और किसान का प्रजेंटेशन देकर कृषि के क्षेत्र में राजस्थान को और अधिक विकसित करने के प्रयास किया जा रहे हैं इसी दिशा में अगले महीने आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम प्रदेश के कृषि क्षेत्र को काफी बुलंदियों पर लेकर जा सकता है क्योंकि इस कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद कड़ी निगरानी रखे हुए है। मुख्यमंत्री शर्मा खुद किसान परिवार से आते हैं और उन्होंने खुद खूब खेती की है इसलिए खेती के बारे में उन्हें अपार नॉलेज है मुख्यमंत्री शर्मा यह भी जानते हैं कि राजस्थान का प्रतीक जिला अलग-अलग कृषि उत्पादन करने में अग्रणी है इसलिए राजस्थान में कृषि क्षेत्र में भी विकास की अपार संभावनाएं हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध किसान और समृद्ध भारत के विजन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा राजस्थान में भी खेती और किसान के विकास में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे यही वजह है कि पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री शर्मा ने पानी और बिजली के क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रभावी कार्य किए हैं ताकि किसानों को और प्रदेश के लोगों को पानी और बिजली समुचित मात्रा में उपलब्ध हो क्योंकि बिना पानी और बिना बिजली के खेती भी संभव नहीं है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने सबसे पहले पानी और फिर बिजली पर ज्यादा कार्य किया जिसका अच्छा परिणाम भी देखने को मिल रहा है राजस्थान में पिछले सवा दो साल में बिजली को लेकर कहीं भी किसी भी तरह का कोई आंदोलन लोगों की ओर से देखने को नहीं मिला और इसी तरह से पानी को लेकर भी मुख्यमंत्री शर्मा लगातार प्रत्येक जिले में अच्छी व्यवस्थाएंसुनिश्चित कर रहे हैं अच्छी योजनाएं ला रहे हैं ताकि प्रदेश के किसानों को समुचित पानी और समुचित बिजली मिले इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा अब जहां भी जाते हैं वहां अपने भाषण में राजस्थान में पानी और बिजली की कोई भी कमी नहीं बताते ।प

## पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय: दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जयपुर में बताया कि पश्चिम बंगाल के प्रथम चरण में हुए मतदान से जो इनपुट मिल रहा है उसके आधार पर साफ दिख रहा है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने पहले चरण के चुनाव में ही ममता बनर्जी सरकार से पूरी तरह से पल्ला झाड़ लिया है और भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त तरीके से बहुमत और समर्थन दिया है। इसलिए प्रथम चरण के चुनाव प्रक्रिया से ही साफ दिख रहा है कि पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टीकी सरकार बनाने को लेकर आतुर हैं। उन्होंने कहा कि अब यह बिल्कुल क्लियर हो गया है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों को देखा है मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास और कल्याण के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। लेकिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते केंद्र सरकार के साथ ठीक तरह से समन्वय और सामंजस्य नहीं रखा इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में करोड़ अरबो रुपए के विकास कार्य की सौगात दी। ताकि पश्चिम बंगाल का विकास हो सके इसीलिए पश्चिम बंगाल की जनता अब मोदी सरकार के जनहित के कार्यों को देख रही है और मोदी सरकार के कार्यों से प्रभावित और खुश होकर पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनाने का रास्ता तैयार कर लिया है। दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल में पिछले कई सालों से भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से पूरा प्रदेश अशांति के दौर से गुजर रहा था। पश्चिम बंगाल में डर और घबराहट बनी हुई थी लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और तमाम केंद्र सरकार के मंत्रियों और पश्चिम बंगाल के भाजपा से जुड़े नेताओं ने वहां के लोगों के दिलों से डर को निकाला और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया इसी का नतीजा है कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में जबरदस्त मतदान हुआ जो पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में हुआ है पश्चिम बंगाल के लोग अब अपने स्टेट में खुशहाली देखना चाहते हैं। विकास देखना चाहते हैं इसी तमन्ना के साथ उन्होंने भाजपा को वोट दिया है एक अन्य सवाल के जवाब में दिया कुमारी ने कहा कि आने वाले चुनाव में राजस्थान और देशभर की महिलाएं कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों को अपने साथ हुए अपमान का बदला चुकाने के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रही है क्योंकि 17 अप्रैल को जिस तरह से महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और सभी विपक्षी दलों ने पल्ला झाड़ लिया उसको पूरे देश की महिलाओं ने अपनी आंखों से देखा है। इसलिए महिलाएं अपने इस अपमान का बदला चुनाव में जरूर कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों से निश्चित रूप से लेगी।

## रिटायर्ड न्यायाधीश बावड़ियों की तरह हैं जिनके ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाया जाए: मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को जयपुर में आयोजित रिटायर्ड न्यायाधीश सम्मेलन में जोर देकर कहा कि रिटायर्ड जज बावड़ियों की तरह हैं जिसमें बरसात के मौसम में पानी को सहेज कर रखा जाता है और फिर जरूरत पड़ने पर उस पानी का उपयोग किया जाता है ठीक वैसे ही रिटायर्ड जज हैं जिनके ज्ञान और अनुभव का जरूरत पड़ने पर फायदा उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जज कभी भी रिटायर नहीं होता अगर जज के रिटायर होने पर समाज उसकी विदाई करके यह सोचने की जज की भूमिका अब नहीं रह गई तो यह सबसे बड़ी भूल कहीं जा सकती है। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड जज के पास न्याय व्यवस्था से संबंधित अपार नॉलेज होता है क्योंकि अपनी लंबी सर्विस में उन्होंने कई बड़े-बड़े जटिल मामलों का निस्तारण किया इसलिए रिटायर होने के बाद भी जज के पास ज्ञान का अभूतपूर्व भंडार होता है जिसका फायदा उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड जज के ज्ञान का उपयोग कई तरह से किया जा सकता है जिसमें लोक अदालत, आर्बिट्रेशन, एडीआर इत्यादि से जोड़कर रिटायर्ड जज के अनुभव और ज्ञान का फायदा उठाया जा सकता है जो समाज और न्याय व्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है ।उन्होंने कहा कि रिटायर्ड जज के ज्ञान और अनुभव का उपयोग स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, ग्राम पंचायत इत्यादि के माध्यम से भी किया जा सकता है इसके अलावा वकीलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम से भी रिटायर्ड जज को जोड़कर उनके अनुभव का फायदा उठाया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि रिटायर्ड जज का अनुभव और ज्ञान एक राष्ट्रीय संपत्ति की तरह होता है जिस समाज और राष्ट्रहित के लिए जीवन भर उपयोग में लिया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत ने सम्मेलन में रिटायर्ड न्यायाधीशों की एक राष्ट्रीय समिति बनाने का भी सुझाव दिया जिसमें उन रिटायर्ड न्यायाधीशों को शामिल करने की सलाह दी जो लोक अदालतों लैब्रिएंट्स और विधिक जागरूकता अभियानों के कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दिखाने में रुचि रखते हो उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अदालत जाने से पहले मेडिएशन सेंटर का दरवाजा जरूर खटखटाना चाहिए यहां पर अगर उसे इंसाफ मिल जाता है तो इससे अच्छी और क्या बात हो सकती है इसमें उसका समय भी बचेगा पैसा भी बचेगा और दौड़ धूप करने से भी बच जाएगा इसलिए लोक अदालत, मेडिएशन सेंटर के माध्यम से अगर किसी को न्याय मिल जाता है तो यह बड़ी खुशी की बात होगी।



# 'मौत के गड्ढों में तब्दील स्टेट हाईवे : सांभर-दूदू मार्ग पर पलटा ट्रैक्टर ट्रॉली

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** सांभरलेक से दूदू होते हुए भाटीपुरा तक जाने वाला स्टेट हाईवे इन दिनों बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता की दर्दनाक तस्वीर बन चुका है। सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने का खामियाजा आमजन और वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों ने इस मार्ग को 'मौत के गड्ढों' में तब्दील कर दिया है।

शनिवार सुबह हालात की भयावहता उस समय सामने आई, जब चारे से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क के गहरे गड्ढे में फंसकर पलट गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना इस सड़क की जर्जर स्थिति की गंभीरता को बयां करने के लिए काफी है।

हर दिन मौत के साये में सफर।

यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती है, जहां से रोजाना सैकड़ों वाहन–स्कूल बसें, किसानों के ट्रैक्टर, मजदूरों के वाहन और आमजन–आवाजाही करते हैं। लेकिन टूटी सड़क और गहरे गड्ढों के कारण हर सफर डर और अनिश्चितता से भरा होता जा रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। कई बार लोग गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है।



## हादसे बन चुके हैं आम, कार्रवाई अब भी शून्य:

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क पर हादसे अब सामान्य घटना बन चुके हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गड्ढे पानी से भर जाते हैं और उनकी गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहे हैं। मौके पर सुधार कार्य का कोई प्रयास दिखाई नहीं देता।

## सवालों के घेरे में प्रशासन

सबसे हैरानी की बात यह है कि इस स्टेट हाईवे के निर्माण से जुड़ी सभी आपत्तियों का निस्तारण पहले ही किया जा चुका है। इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जाता, तो आज हालात इतने बदतर नहीं होते।

## बढ़ता आक्रोश, चेतावनी :

लगातार हो रहे हादसों और अनदेखी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। लोगों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से गड्ढों की मरम्मत कराई जाए और लंबित निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए।

## निशा होम केयर के 20 वर्ष पूर्ण, स्टाफ को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के प्रतिष्ठित संस्थान निशा होम केयर के सफलतम 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त स्टाफ को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुमकुम खंडेलवाल उपस्थित रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा गुप्ता एवं दीपक हॉस्पिटल के डायरेक्टर दीपक सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम में निशा होम केयर की डायरेक्टर निशा सैनी, हिमांशी सैनी, नितिन सैनी, गौरव शर्मा सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में निशा होम केयर द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों की सेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निशा होम केयर की डायरेक्टर निशा सैनी ने बताया कि संस्थान की टीम निरंतर सेवा कार्यों में जुटी हुई है। जरूरतमंद बच्चों को समय-समय पर बैग व किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही, अलवर शहर के बिजली घर चौराहे पर गर्मी के मौसम में श्री जगन्नाथ जी के मेले तक नि:शुल्क मीठे पानी की प्याऊ लगाकर जनसेवा का कार्य भी किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## गौ सम्मान दिवस पर राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आगामी 27 अप्रैल 2026 को मनाए जाने वाले गौ सम्मान दिवस के अवसर पर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सार्वजनिक गौशाला, स्टेशन रोड अलवर में आयोजित हुई, जिसमें जिलेभर के गौशाला संचालक एवं गौ सेवकों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे तक सभी गौ सेवक, संचालक एवं आमजन भवानी तोप चौराहे पर एकत्रित होंगे। इसके पश्चात महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने स्नेहीजनों और सहयोगियों के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर इस मांग को मजबूत बनाएं। आयोजकों ने कहा कि यह अभियान गौ संरक्षण और सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

## 1620 ग्राम अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** ड्रग्स तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत थाना फुलेरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1620 ग्राम अवैध गीला अफीम सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश (आईपीएस) के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी अनूपम मिश्रा के निर्देशन और फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 24 अप्रैल की रात्रि को गांधी चौक, फुलेरा में संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली। पुलिस टीम में कांस्टेबल रवि कुमार एवं कांस्टेबल सरदार की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों संदिग्धों को पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक आरोपी के कब्जे से 883 ग्राम और दूसरे आरोपी के पास से 737 ग्राम गीला अफीम बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों सूरज गिरी (22) व कैलाश चंद (24) निवासी बुघ, थाना गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही अफीम तस्करी के नेटवर्क के संबंध में गहन जांच जारी है, उल्लेखनीय है कि थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार की फुलेरा थाने पर नियुक्ति के बाद से मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे आमजन में पुलिस की कार्यशैली के प्रति विश्वास बढ़ा है और स्थानीय लोगों की ओर से सराहना की जा रही है।

## जिला उपाध्यक्ष बनने पर मनोज यादव का किया स्वागत


जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने कोटपूतली बहरोड़ जिला कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बागावास अहीरान निवासी मनोज कुमार यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने मनोज कुमार यादव का माला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व तहसीलदार रामनिवास, विराट नगर पूर्व प्रधान महादेव, पूरण मल, विक्रम नारोलिया, गिरधारी गुरुजी, जयराम, झाम्बू, दाताराम, राजू सहित अनेकों लोगों ने नव नियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दी, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष की लहर है।

## करंट से किसान की मौत, छीना परिवार का सहारा, छाया मातम

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती पालड़ी में शुक्रवार सुबह खेत में कृषि कार्य करते समय करंट लगने से किसान कानाराम खारवाल की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, कानाराम सुबह करीब 8:30 बजे गांव के ही गोपाल मेहरा के खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान खेत में लगी मोटर के स्टार्टर में अचानक करंट दौड़ गया और वह उसकी चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और उनकी चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।कानाराम चार भाइयों में सबसे छोटे थे और परिवार के सबसे लाडले माने जाते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता भगवान सहाय सहित मां नानछी देवी बेटे के गम में बार-बार बेहोश हो रही हैं। बड़े भाई बनवारी, फूलचंद और लोकेश भी गहरे सदमे में हैं। परिजनों के अनुसार, कानाराम घर से यह कहकर निकले थे कि आधे घंटे में वापस आकर घर का काम करूंगा और फिर खाना खाऊंगा। लेकिन यह वादा अधूरा रह गया और उनकी जिंदगी खेत में ही खत्म हो गई।ग्रामीणों के अनुसार, परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में कमाने वाले सदस्य की मौत ने परिवार को तोड़ दिया है। हादसे के बाद पूरे पालड़ी गांव में शोक की लहर है। विधायक कुलदीप धनकड़ ने बताया कि मृतक परिजनों को हर संभव मदद करवाई जाएगी।



## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने की राज्यपाल से मुलाकात, राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर किया संवाद

जयपुर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल बागडे और मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया।

## भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को घेरा

### भाजपा के लिए नारी शक्ति राष्ट्र निर्माता, विपक्ष के लिए केवल वोट बैंक -पूर्व विधायक अनिता गुर्जर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर (दक्षिण) द्वारा अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय में शनिवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता का मुख्य विषय केंद्र सरकार द्वारा पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' तथा कांग्रेस सहित विपक्षी दलों द्वारा इसके विरोध को लेकर भाजपा का पक्ष रखना रहा। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक अनिता गुर्जर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के लिए नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, जबकि विपक्ष महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करना विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीतिक मुख्यधारा में लाने के लिए यह एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है, जो देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अनिता गुर्जर ने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि सदियों से वंचित रही मातृशक्ति को उनका संवैधानिक अधिकार और सम्मान दिलाने का संकल्प है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक इस बिल को लंबित रखा और अब इसके लागू होने पर अनावश्यक बाधाएं खड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि संसद में बिल पारित होने के दौरान और उसके बाद विपक्ष का विरोध उनकी सोच को उजागर करता है। भाजपा सरकार जहां महिलाओं को निर्णयकर्ता की भूमिका में लाना चाहती है, वहीं कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति में लगी हुई है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, प्रदेश प्रशिक्षण सहसंयोजक रुबिया उपाध्याय, सह संयोजक शीला जांगिड़, सुमन चौधरी, अंजू शर्मा, प्रीति शर्मा, रिंकी वर्मा, शकुंतला सोनी, लक्ष्मी कवर, मधु आर्य, वर्षा सक्सेना, सुनील यादव, लक्ष्मी जाटव एवं पूनम गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेनवाल मांजी में 701 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांजी मे श्री कल्याण महाराज मंदिर में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के सराबोर माहौल की रविवार 26 अप्रैल से 2 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भक्ति ज्ञान और कथा रस से ग्रामवासी और आसपास के श्रद्धालु लाभान्वित होंगे।प्रतिदिन प्रातः 10:15 बजे प्रारंभ होकर शाम 4:15 बजे तक चलेगी। कथा का वाचन परम् पूज्या साध्वी सुभद्रा के श्रीमुख से होगी।701 महिलाओं ने सुबह 9:15 बजे मोरी दरबार बालाजी मंदिर से रवाना होकर बालाजी मोड़,पहाड़िया मोड, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, जाटों का मोहल्ला होते हुए श्री कल्याण महाराज मंदिर परिसर पहुंची।कलश यात्रा के दौरान रथ में सवार साध्वी सुभद्रा व दूसरे रथ में सवार श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल योगी बालकृष्ण दास महाराज कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। रेनवाल मांजी थाना पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

## मधुर विशेष प्रशिक्षण संस्थान का 13वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न, दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय के देपालसर रोड स्थित मधुर विशेष प्रशिक्षण संस्थान का 13वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार शाम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश पंचोली थे, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी मोतीराम नेहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में शिक्षाविद् तुलसाराम, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य रामेश्वर प्रजापति, संस्था सचिव अंजू नेहरा, कैलाश पारिक तथा कर्मा बाई जाट संस्थान की सचिव उर्मिला चाहर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद संस्थान परिवार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।




इस अवसर पर कक्षा आठवीं, दसवीं व बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था सचिव अंजू नेहरा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश पंचोली ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता किसी भी बच्चे की क्षमता को सीमित नहीं करती, बल्कि हर बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचान कर सही दिशा देना आवश्यक है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ती है। उन्होंने संस्थान का अवलोकन कर बच्चों की शिक्षा, कौशल एवं गतिविधियों की सराहना भी की। कार्यक्रम में संकेत भाषा के माध्यम से संवाद कराने में अध्यापिका अनिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर सुमन कंवर, सुदेश, शारदा, पिंटू प्रजापत, आशीष पारीक, संदीप जांगिड़, नीतू कंवर, जयलाल, निखिल नेहरा, राकेश कंवर, मधुर नेहरा सहित स्टाफ सदस्य एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में गिरधारी लाल नेहरा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोनी ने किया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
26 अप्रैल, 2026

## मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं लिए आवागमन हुआ आसान, बांदीकुई स्टेशन का हो रहा पुनर्विकास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के दौसा जिले में स्थित बांदीकुई एक महत्वपूर्ण रेल नगरी है, जिसकी स्थापना 1874 में हुई थी। यहां के प्रमुख स्थलों में विश्वप्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी का मंदिर, 9वीं शताब्दी की चांद बावड़ी और पास में स्थित हर्षत माता मंदिर, ऐतिहासिक सेंट फ्रांसिस रोमन कैथोलिक चर्च और 17वीं शताब्दी का भंडारेज किला शामिल हैं। यह शहर राजस्थानी कला, शिल्प और संस्कृति का केंद्र है, जिसमें पारंपरिक बाज़ार और व्यंजन शामिल हैं। यह क्षेत्र गेहूं, जौ और सरसों जैसी फसलों के व्यापार का भी प्रमुख केंद्र है। अपनी औपनिवेशिक विरासत के लिए प्रसिद्ध इस शहर में बांदीकुई सबसे पुराने रेलवे जंक्शनों में से एक है। एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन होने के नाते, यह जयपुर, दिल्ली और राजस्थान के आंतरिक क्षेत्रों का प्रवेश द्वार है।बांदीकुई स्टेशन पर 104 ट्रेनें ठहराव करती हैं और लगभग 16 हजार यात्री प्रति दिन यात्रा करते हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बांदीकुई रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के लिए 24 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से मास्टर प्लान तैयार किया गया जिसे चरणबद्ध तरीकों से लागू कर पुनर्विकास कार्यों का निष्पादन किया गया है। पुनर्विकसित बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन से यात्रियों को बेहतर और उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

## डेढ़ महीने के बच्चे को झोपड़ी से उठा ले गए कुत्ते, मां बना रही थी खाना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर जिले के पीसांगन में कालाशेर गांव में आवारा कुत्तों का समूह झोपड़ी में सो रहे एक डेढ़ महीने के बच्चे को उठा लेंगे और फिर उसको मुंह से नोचने लगे बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर खाना बना रही बालक की माने जब अपने नन्हें बालक को नाचते हुए देखा तो वह घबरा गई उसने अपने बालक को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी और बड़ी मुश्किल से कुत्तों के झुंड से नन्हे मुन्ने को बचा तो लिया लेकिन कुत्तों ने उसकी जगह-जगह से नोच डाला था जिसकी वजह से बालक की आते भी बाहर निकल आई बालक को तुरंत अजमेर के जिला सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने बच्चों अजमेर के जिला सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने बालक का उपचार शुरू कर दिया है लेकिन बालक की स्थिति अभी स्थिर बनी हुई है डॉक्टरों का कहना है कि विशेष डॉक्टरों की टीम की ओर से बालक का उपचार किया जा रहा है बालक की स्थिति में थोड़ा-थोड़ा सुधार भी हो रहा है गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है इस तरह के मामले राजस्थान और देशभर में आए दिन कहीं ना कहीं देखने को मिल रहे हैं जब आवारा कुत्ते इंसानों पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर देते हैं या फिर छोटे बच्चों की जान तक ले लेते हैं इस तरह के मामलों को देखते हुए हाईकोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर कड़ी गाइडलाइन भी जारी की थी जिसमें कुत्तों के मालिकों को भी विशेष दिशा निर्देश दिए गए थे लेकिन इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है अब भी आए दिन कहीं ना कहीं आवारा कुत्तों के हमले लगातार देखने को मिल रहे हैं जिसकी वजह से लोगों में डर बना रहता है । अजमेर के कालाशेर गांव में जिस तरह से कुत्तों के समूह ने झोपड़ी में घुसकर डेढ़ महीने के बच्चे को उठाया और फिर उसको मुंह में लेकर बाहर आए यह दिल को दहलाने वाला दृश्य हर किसी के लिए रोंगटे खड़े कर देता है इसलिए राजस्थान सरकार, नगर निकाय, पंचायत, पुलिस, प्रशासन, सभी को सामूहिक रोशन कुछ इस तरह के ठोस प्रयास करने होंगे ताकि इस तरह की घटना दोबारा से ना हो ।

## शादी रुकवाने के लिए लड़की ने मंगेतर के हाथ पैर तोड़ने के लिए 10000 की सुपारी दी, मंगेतर की हो गई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा जिले में दौलतपुरा में एक लड़की को अपना मंगेतर पसंद नहीं था लेकिन घर वालों ने उसकी शादी 1 मई को निर्धारित कर दी इसके बाद लड़की ने एक प्लान तैयार किया जिसमें उसने अपने मंगेतर के हाथ पैर तोड़ने का प्लान बनाया ताकि यह शादी आगे के दिनों के लिए स्थगित हो जाए इस पर उसने बदमाशों से संपर्क भी किया और अपने मंगेतर के हाथ पैर तोड़ने के लिए 10000 रुपए की सुपारी भी दे दी इसके बाद बदमाशों ने मंगेतर की जोरदार पिटाई कर दी जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई हालांकि लड़की ने सिर्फ हाथ पैर तोड़ने की ही सुपारी दी थी मर्डर करने की बात उसने नहीं कही थी लेकिन बदमाशों ने उसकी जोरदार पिटाई कर दी इसके बाद सो गया पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा करते ही पिटाई करने वाले बदमाशों को भी अरेस्ट किया है और जिस लड़की ने हाथ में तोड़ने की सुपारी दी थी उससे भी पूछताछ की जा रही है इस मामले की पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है और मृतक युवक के परिजनों के अलावा सुपारी देने वाली लड़की के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ।

## ज्वेलर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार, लोगों ने पुलिस स्टेशन के सामने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर के धान मंडी थाना इलाके में धान मंडी में एक ज्वेलर पर बदमाश ने चाकू से जोरदार हमला बोला जिसकी वजह से ज्वेलर्स धर्मेंद्र सोनी घायल हो गया जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां पर उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन दिनदहाड़े हुई इस चाकू बाजी की घटना को लेकर ज्वेलर्स कारोबार से जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश छा गया और बड़ी संख्या में लोग अपनी नाराजगी को प्रकट करने के लिए तथा आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धान मंडी थाने के सामने जाकर प्रदर्शन करने लगे पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में जल्दी ही बदमाश को गिरफ्तार किया जाएगा पुलिस ने तुरंत ही मौके पर सीसीटीवी कमरे में कैद हुए फोटो के आधार पर चाकू मारने वाले बदमाश की पहचान करके उसे अरेस्ट किया ज्वेलर्स कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि पुलिस को इलाके में अपनी निगरानी को और कड़ी करना होगा क्योंकि दिनदहाड़े इस तरह से व्यापारी पर हमला करने से व्यापारियों में अब डर बैठ गया है ।

## जिला प्रमुख की अध्यक्षता मे हुई जयपुर जिला परिषद साधारण सभा की बैठक

**जयपुरकासं.)** जयपुर जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शनिवार को जिला प्रमुख रमादेवी चौपड़ा की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए। वित्तीय विषयों पर विचार करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत समितियों को आवंटित बजट एवं नवीन योजनाओं हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। सदस्यों ने पेयजल, सड़कों एवं विद्युत से संबंधित विभिन्न जनसमस्याएं उठाई गईं।

# पंचायत और नगर निकाय चुनाव को लेकर सैकड़ो कांग्रेसियों ने जिलाधीश कार्यालय पर किया प्रदर्शन, जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला स्तर पर लोकतंत्र बचाओ संगठन बढ़ाओ अभियान के तहत प्रदर्शन किया जा रहे हैं इसी क्रम में शनिवार को अजमेर जिलाधीश कार्यालय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन किया यह प्रदर्शन पंचायत और नगर निकाय चुनाव करवाने की मांग को लेकर किया गया है काफी देर तक कांग्रेसियों ने मौके पर प्रदेश प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कहा कि कार्यकाल पूरा होने के कई महीनो बाद भी प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव आयोजित नहीं करवा कर संविधान और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है कांग्रेसियों ने मौके पर मौजूद पत्रकारों से कहा कि प्रदेश सरकार को ऐसा लगता है कि अगर अभी प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनाव करवा देंगे तो भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ सकता है इसलिए सरकार जानबूझकर पंचायत और नगर निकाय चुनाव आयोजित नहीं करवा रही है जो नियम और कानून के खिलाफ है संविधान के खिलाफ है इसी बात को लेकर कांग्रेसियों ने जिलाधीश कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी की हालांकि अजमेर का तापमान भी काफी ऊंचा था लेकिन भीषण गर्मी के बावजूद भी कांग्रेसियों ने यहां दमदार प्रदर्शन किया हालांकि जिला कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही जिलाधीश कार्यालय के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया था और बैरिकेट्स लगाकर जिलाधीश कार्यालय को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया था और मौके पर तमाम करेंगे सुरक्षा के इंतजाम भी सुनिश्चित कर दिए थे हालांकि प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों ने जिलाधीश कार्यालय में घुसने का प्रयास भी किया और कई कांग्रेस जन बैरिकेट्स पर भी चढ़ गए लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया बाद में काफी देर तक मौके पर नारेबाजी करने के बाद जिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल की ओर से जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को पंचायत और नगर निकाय चुनाव जल्दी से जल्दी करवाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस की महिला नेताओं ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता महिला आरक्षण बिल्कुल लेकर कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों पर गलत बयान बाजी कर रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने और राहुल गांधी ने कभी भी महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया महिला आरक्षण बिल तो वर्ष 2023 में ही मंजूर हो गया था जिसको कांग्रेस पार्टी ने पूरा सपोर्ट किया था अगर मोदी सरकार चाहती तो 2024 के चुनाव में ही महिला आरक्षण को लागू कर दिया जाता लेकिन मोदी सरकार ने जानबूझकर 2024 के आम चुनाव में महिला आरक्षण बिल को लागू नहीं किया और अब पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में चुनाव जीतने के प्रयास में महिला आरक्षण बिल की आड़ में कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों को जानबूझकर बदनाम करने के अपने प्लान के तहत महिला आरक्षण बिल को लेकर गलत बयान बाजी की जा रही है उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में साफ कहा ताकि अगर आपको महिला आरक्षण देना है तो वर्तमान में 543 सीटों को आधार बनाकर ही आरक्षण दे दो लेकिन मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल में परिसीमन की कंडीशन और जोड़कर अपने राजनीतिक हित साधना चाहती थी इसलिए कांग्रेस पार्टी और विपक्षी ने भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए मोदी सरकार के इस गलत प्रयास को सफल नहीं होने दिया कांग्रेस पार्टी की महिला नेताओं ने कहा कि देश में अगर महिलाओं को आरक्षण दिया है तो कांग्रेस पार्टी ने ही दिया है राजीव गांधी ने ही पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की व्यवस्था शुरू की थी इसलिए कांग्रेस पार्टी कभी भी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं रही और आज भी नहीं है और कल भी नहीं रहेगी ।

## नितिन नवीन का जयपुर में एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा स्वागत अभिनंदन- श्रवण सिंह बगडी

### टोंक भाजपा कार्यालय उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित प्रदेश पदाधिकारियों की रहेगी गरिमामय उपस्थिति


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार 27 अप्रैल को प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रदेश आ रहे नितिन नवीन के स्वागत में प्रदेशवासी राजस्थानी परंपरा से स्वागत करेंगे। बगडी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार प्रातः 10.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट आएंगे, यहां से रवाना होकर 11.15 बजे टोंक पहुचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन टोंक में 11.30 बजे टोंक भाजपा जिला कार्यालय सहित बूंदी, प्रतापगढ, डूंगरपुर, चूरू, पाली, बाडमेर कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जालौर भाजपा जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह का सीधा लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि टोंक से रवाना होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 2.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहली बार प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ता एयरपोर्ट से कार्यालय तक बाइकों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के वाहनों की अगुवाई करते हुए जुलुस के साथ चलेंगे। जयपुर एयरपोर्ट के बाद,पत्रिका गेट, डब्ल्यू टीपी, शिक्षा संकुल, कनोडिया कॉलेज गांधी सर्किल, जेडीए सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल, राजमहल पैलेस पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का यहां भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कोर कमेटी की बैठक होगी। बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## जनजाति छात्रावासों की सामग्री में भारी भ्रष्टाचार किया गया, भजनलाल सरकार जवाब दे: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम चोली में मेवाड़ प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनजाति छात्रावासों में सामग्री की खरीद में नियमों की धज्जियाँ उड़ाई गई हैं। बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए सीधे तौर पर खरीद की गई जिसमें एक ही सामान को अलग-अलग केंद्रों पर अलग-अलग कीमतों पर खरीदा गया है। उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा के बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था लेकिन सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जूली ने आशंका जताई कि इस विभाग में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है जिसकी निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच होनी अत्यंत आवश्यक है। जनजाति क्षेत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि एक ओर सरकार विकास के बड़े दावे कर रही है वहीं दूसरी ओर इन क्षेत्रों के स्कूलों में नामांकन लगातार घट रहा है। यह चिंता का विषय है कि जनजाति उत्थान के लिए आवंटित पैसा खर्च ही नहीं हो पा रहा है। संसाधनों के अभाव और प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण इस क्षेत्र का युवा शिक्षा और मुख्यधारा से पिछड़ता जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना का उल्लेख करते हुए इसे ग्रामीण भारत की लाइफलाइन बताया। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि राजस्थान के आदिवासी अंचल में यह योजना अब दम तोड़ रही है। जूली ने तंज कसते हुए कहा कि मनरेगा योजना का नाम बदलकर वीबी जी राम जी तो कर दिया गया लेकिन धरातल पर लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। श्रमिकों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे मजदूर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सरकार केवल नाम बदलने में व्यस्त है, जबकि गरीब जनता के पेट पर लात मारी जा रही है जूली ने सिरोही शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर राम झरोखा की भूमि के कथित अवैध बेचान, लीज और खुर्द-बुर्द किए जाने के मामले पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रामझरोखा और उससे जुड़ी संरचनाएँ केवल एक धार्मिक मुद्दा नहीं हैं, बल्कि यह नागरिकों के सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी हितों से जुड़ी महत्वपूर्ण धरोहर है। इस बेशकीमती भूमि को खुर्द-बुर्द करना एक बड़ा घोटाला है। नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## मुहाना पुलिस की बहादुरी और दयालु चेहरा आया सामने: घर आंगन सोसायटी में लगी आग से लोगों को बचाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर के मुहाना थाना इलाके में रविवार को घर आंगन सोसायटी के एक फ्लैट में अचानक आग लग गई आग लगने की सूचना मिलने के बाद मुहाना पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां धुआ और आग में फंसे फ्लैट में सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया हालांकि मौके पर एक युवक बेहोश भी हो गया था लेकिन कांस्टेबल कानाराम ने बहादुरी दिखाते हुए इस बेहोश युवक को सहारा दिया और उसे अपनी पीठ के सहारे फ्लैट से बाहर लेकर आए और फिर उसे प्राथमिक उपचार दिया गया जिसकी वजह से उसकी जान बच गई हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और इस आगजनी में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन स्थानीय लोगों का कहना था कि जिस तरह से पुलिस ने यहां पर मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान को जबरदस्त तरीके से अंजाम तक पहुंचा उससे यहां कई लोगों की जिंदगी बच गई अन्यथा यहां पर इस आगजनी की घटना से काफी नुकसान और लोगों की जान जा सकती थी लेकिन पुलिस ने यहां पर आकर बहुत ही बहादुर से मोर्चा संभाला और फंसे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया जानकारी के अनुसार यहां मुहाना पुलिस की टीम ने आगजनी में फंसे करीब 15 लोगों को बाहर निकाला है यह अपने आप में पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है इसीलिए मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस कर्मियों की काफी प्रशंसा की है लोगों का कहना था कि अगर इस तरह से पुलिस अपने कार्य को अंजाम दे तो फिर पुलिस को भी लोग डॉक्टर की तरह भगवान कहने लग जाएंगे खबर लिखे जाने तक आगजनी की वजह का पता नहीं चल पाया था, पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है ।

### नागौर से हनुमान बेनीवाल कभी भी अकेले अपने दम पर चुनाव नहीं जीत सकते : मदन दिलावर

**जयपुर** अपने बयानों को लेकर प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सोशल मीडिया में चर्चा में रहने वाले प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस बार नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक हनुमान बेनीवाल पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट की उन्होंने कहा कि नागौर से हनुमान बेनीवाल कभी भी अपने दम पर अकेले चुनाव नहीं जीत सकते उन्होंने पहले भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ा और चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ही आंख दिखाना शुरू कर दिया इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ा और चुनाव जीते और चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी को भी आंख दिखाना शुरू कर दिया उन्होंने कहा की जो खुद दूसरों का सहारा लेते रहे अब खुद को मजबूत राजनेता समझ रहे हैं उन्होंने कहा कि हनुमान बेनीवाल ने नागौर की जनता का विश्वास खो दिया है और वह कभी भी नागौर से अकेले अपने दम पर चुनाव नहीं लड़ सकते।

## उदयपुर में भाजपा महिला मोर्चा का विशाल प्रदर्शन, कांग्रेस और विपक्ष के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** लेक सिटी उदयपुर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा शाखा से जुड़ी नेताओं ने शहर में विशाल रैली का आयोजन करके कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के दलों के प्रति महिला आरक्षण बिल को गिराने पर जोरदार गुस्सा प्रकट किया, भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में उदयपुर शहर के कोने-कोने से आई महिलाओं ने इस रैली में अपनी उपस्थिति दिखाई और शहर के विभिन्न बड़े मार्गो से होकर रैली निकाली रैली के दौरान महिलाओं के हाथों में बैनर, पोस्टर इत्यादि थे जिन पर महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में मंजूरी प्रदान करने में सहयोग नहीं करने पर कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों को टारगेट करते हुए नारे लिखे हुए थे इसके अलावा महिला आरक्षण लागू करने जैसे नारे भी लिखे हुए थे भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा कि इस रैली में शामिल हो रही महिला नेताओं ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी और विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं को उनका सम्मान और उनका अधिकार इस आरक्षण बिल के माध्यम से दिलाना चाहते थे लेकिन कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल के नेता नहीं चाहते थे कि यह बिल संसद में मंजूर हो क्योंकि अगर यह बिल मंजूर हो जाता तो फिर कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के बड़े नेता अपने परिवार जनों को ज्यादा से ज्यादा कैसे टिकट दिला पाते इसीलिए जानबूझकर परिवारवाद को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल के नेताओं ने सामूहिक रूप से एक राय होकर इस बिल को पास नहीं होने दिया उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं के लिए 17 अप्रैल का दिन एक यादगार और ऐतिहासिक दिन बन सकता था लेकिन कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों ने जिस तरह से इस महत्वपूर्ण बिल के खिलाफ सामूहिक रूप से खड़े हुए उससे 17 अप्रैल का दिन भारत के इतिहास में कलंकित दिवस के रूप में सिद्ध हो गया उन्होंने कहा कि अगर यह बिल मंजूर हो जाता तो देश की संसद में महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए और महिलाओं की भलाई के लिए आवाज उठाने वाली महिलाओं की संख्या संसद में ज्यादा होती जिसकी वजह से महिला सांसदों की बातों को गंभीरता से लिया जाता है उनकी बातों को सुना जाता लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दल या नहीं चाहते कि देश की महिलाएं आगे बढ़े और देश की महिला देश के नीति निर्माण में अपना सहयोग करें प्रदर्शन कर रही भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की नेताओं ने कहा कि 17 अप्रैल को जिस तरह से कांग्रेस और विपक्षी दलों ने भारत की महिलाओं का अपमान किया है इस अपमान को भारत की महिलाएं कभी नहीं भूलेगी और चुनाव में इसका बदला लेकर ।

## नीमराना में कबाड़ के गोदाम में भीषण आग : चार जनों के जिंदा जलने की खबर, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कोटपूतली- बहरोड जिले के नीमराना में बिचपुरी रोड पर कबाड़ के गोदाम में भीषण आग आग लगने की वजह से चार जनों के जिंदा जलने की खबर मिली है तथा अधिकारियों को संदेह है कि इस मामले में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि जब गोदाम में आग लगी उस समय कई मजदूर कार्य कर रहे थे जिन्हें गोदाम से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था इसलिए इस आगजनी की घटना में फिलहाल खबर लेकर जाने तक चार लोगों के जिंदा जलने की खबर है जिसमें एक नाबालिक लड़की भी बताई जा रही है लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि इस आगजनी में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है खबर लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया कि यह आगजनी की घटना कैसे हुई लेकिन बताया गया है कि कबाड़ के गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक और ज्वलनशील पदार्थ भी रखा हुआ था तथा कुछ बच्चों की ओर से परफ्यूम की बोतल को फोड़ने के दौरान आग की चिंगारी निकलने की वजह से आग लगने की बात कहीं जा रही है बाद में कबाड़ में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ की रखा हुआ था इसलिए आगजनी के दौरान एक जोरदार विस्फोट की आवाज भी इलाके में दूर-दूर तक लोगों को सुनने को मिली थी जिसकी वजह से लोग अपने घरों से बाहर निकल आए थे और जब उन्होंने कबाड़ के गोदाम से भारी धुआं और आग की लपटे उठती हुई देखी तो घबरा गए और उन्होंने तुरंत प्रशासन को भी सूचित किया जानकारी मिली है कि यह कबाड़ का गोदाम किराए की जमीन पर संचालित किया जा रहा था शुक्रवार की देर रात जब आग लगी उस समय काफी मजदूर कार्य कर रहे थे क्योंकि मौके पर भारी मात्रा में कबाड़ में प्लास्टिक और ज्वलनशील पदार्थ भी रखा हुआ था इसलिए कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया इससे पहले की मजदूर गोदाम परिसर से बाहर निकलने का प्रयास करते गोदाम के दरवाजे के सामने एक ट्रक खड़ा हुआ था उसमें भी आग लग गई इसलिए मजदूरों को दरवाजे से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला मजदूरों ने गोदाम की दीवार पर चढ़ने का प्रयास किया लेकिन दीवार काफी ऊंची थी इसलिए श्रमिकों को कबाड़ के परिसर से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला इसलिए मजदूर जिंदा ही जल गए पुलिस ने खबर लेकर जाने तक 4 बॉडी बरामद कर ली थी और इस पूरे मामले की छानबीन की जा रही है हालांकि आगजनी की सूचना मिलने के तुरंत बादही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे और बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया गया करीब 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कबाड़ का गोदाम जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था और कई मजदूर जिंदा ही जल गए इस पूरी घटना से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता छाई हुई है ।

## सम्पादकीय

# मतदाता सूची से बाहर लाखों नाम, फिर भी रिकॉर्ड वोटिंग



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जिस तरह करीब बानबे फीसद मतदान की खबर आई है, उससे साफ है कि इस बार वहां की जनता ने अपने मताधिकार को लेकर अपेक्षया ज्यादा सजगता दिखाई है। इसका एक कारण एसआइआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में मौजूद लोगों का अपने मताधिकार को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क होना भी हो सकता है। हालांकि अभी दूसरे चरण का मतदान बाकी है और आखिरी तस्वीर नतीजों के बाद साफ होगी, लेकिन राज्य में बड़ी संख्या में लोगों के वोट डालने से वंचित रह जाने को लेकर जैसे सवाल उठ रहे हैं, उनका जवाब सामने आना देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को बचाए रखने के लिए जरूरी है। आखिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जितने लोगों को मतदान के लिए अपात्र मान लिया गया और जो अपीलीय प्राधिकरण के सामने गुहार लगाने के बावजूद वोट देने से वंचित रह गए, उनके नागरिक और संवैधानिक अधिकारों को अब किस कसौटी पर रखा जाएगा! गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद अब तक करीब सत्ताईस लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि जिन लोगों की अपील अपीलीय प्राधिकरणों में स्वीकार कर ली जाती है, उनके लिए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि अनुमति मिलने पर वे मतदान कर सकें। शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जो लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए थे, उनके सामने भी अब वोट डाल सकने का एक विकल्प होगा और इस तरह सूची से बाहर होने के बाद की जटिलताओं से उनके बच सकने की गुंजाइश तैयार होगी। मगर बुधवार को आई खबर के मुताबिक मतदाता सूची से बाहर किए गए सत्ताईस लाख लोगों के आवेदनों में से सिर्फ 650 पर विचार किया गया और महज 139 को वोट देने की इजाजत मिली। अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मद्देनजर प्राधिकरण में जिस तरह अपीलों की सुनवाई की व्यवस्था हुई, उसका उद्देश्य शायद सिर्फ औपचारिकता पूरा करना था। इस कवायद के बावजूद एसआइआर की वजह से बड़ी संख्या में जो लोग मतदान करने से वंचित रह गए, उनके बारे में अब कानूनी स्थिति क्या होगी? फिर जिन लोगों को अभी मतदाता सूची में जगह मिलने के लिए अपात्र माना गया, बाद में किन्हीं कसौटी पर उन्हें सही बताया जाएगा, उनके मौजूदा चुनाव में मतदान न कर पाने के लिए क्या किसी की जवाबदेही तय की जाएगी? इसमें कोई दोराय नहीं कि वास्तव में अपात्र लोगों को मतदाता सूची में जगह नहीं मिलनी चाहिए। मगर एसआइआर के बाद भारी संख्या में लोगों के मताधिकार छिन जाने से यह सवाल उठा है कि क्या अब तक ये सभी लोग अवैध तरीके से वोट डालते और प्रतिनिधि चुनते रहे! यह बेवजह नहीं है कि विपक्षी दलों की ओर से निर्वाचन आयोग पर एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर गैरजरूरी हड़बड़ी दिखाने और नाहक ही लाखों को लोगों को मताधिकार से वंचित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग को ठीक उस वक्त एसआइआर कराने की जरूरत क्यों महसूस हुई

# आधुनिकीकरण की राह पर रेलवे



भारत में हर दिन 25,000 से अधिक ट्रेनें चलती हैं। ये ट्रेनें रोजाना दो करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जाती हैं और कोयला, लौह अयस्क, अनाज, स्टील, सीमेंट तथा अन्य वस्तुओं की बड़ी मात्रा को 1,37,000 किमी से अधिक लंबे रेल नेटवर्क पर एक से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं। यह व्यवस्था जिस आधार पर काम करती है, वह रेल पटरी है। जब पटरी अच्छी स्थिति में होती है, तब ट्रेनें सुरक्षित रूप से अधिक गति से चलती हैं। जब पटरी खराब होती है, तो इसके परिणाम गति पर रोक, देरी और सुरक्षा संबंधी जोखिम के रूप में सामने आते हैं। रेल की पटरी में दरार, कोई ढीला पुर्जा या गिट्टी की परत में रुकावट, इनमें से कोई भी ट्रेन की गति को प्रभावित कर सकती है। रेल पटरियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्य में आधुनिक मशीनों से पटरियों का नवीनीकरण, उन्नत तरीकों से जांच और निरीक्षण, मशीनीकृत रखरखाव, सुरक्षा बाड़बंदी आदि शामिल रहे हैं। इन प्रयासों ने रेल नेटवर्क की स्थिति को स्पष्ट रूप से बदल दिया है। 2014 से अब तक लगभग 55,000 किमी पटरियों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे सुरक्षा और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम हुई है। लगभग 44,000 किमी ट्रैक में 260 मीटर लंबे रेल पैनल बिछाए गए हैं। लंबे पैनलों का अर्थ है कम जोड़, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम-सुरक्षित होती है। अब 80,000 ट्रैक किमी से अधिक हिस्से में मजबूत 60 किग्रा वाली रेल पटरियों का उपयोग हो रहा है, जो अधिक भार ढुलाई और तेज गति सुनिश्चित करती हैं। जहां मजबूत रेल पटरी बिछाना जरूरी है, वहीं समय रहते खराबी पकड़ना भी जरूरी है। छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की जाती है। इसके तहत करीब 36.2 लाख किमी ट्रैक और 2.25 करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है। अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीक भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनों और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जो ट्रेन यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है। भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है। ये मशीनें पटरी को ठीक करने, गिट्टी साफ करने और हाथ से होने वाले काम की तुलना में ज्यादा तेज, बेहतर और एकसमान तरीके से करती हैं। पटरी के नीचे बिछी गिट्टी की परत साफ करने में मशीनों ने बड़ा फर्क पैदा किया है। यही गिट्टी पानी निकालने, कंपन कम करने और पटरी मजबूत बनाए रखने का काम करती है। पटरी की ऊपरी सतह की खराबी दूर करने के लिए भी एक लाख किमी से ज्यादा रेल ढांचे की ग्राइंडिंग की गई है। इससे ट्रेन का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित हुआ है। हर साल ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए उनके रखरखाव के लिए मिलने वाला समय कम होता जा रहा है। ऐसे में मशीनों की मदद से कम समय में ज्यादा काम हो जाता है और ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित नहीं होतीं। इस क्रम में सुरक्षा सिर्फ पटरी पर नहीं, बल्कि वहां भी जरूरी है जहां ट्रेनें लाइन बदलती हैं। इसलिए भारतीय रेलवे ने पटरी बदलने के साथ कई दूसरे सुधार भी किए हैं। करीब 17,500 किमी तक सुरक्षा के लिए बाड़ लगाई गई है, खासकर उन जगहों पर जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से चलती हैं। इससे लोगों और जानवरों के पटरी पर आने की घटनाएं कम होती हैं। जहां ट्रेनें एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती हैं, वहां 36,000 नए और मजबूत स्विच लगाए गए हैं और 7,500 खास तरह के क्रासिंग लगाए गए हैं। ये ज्यादा समय तक चलते हैं और ट्रेन को बिना झटके के गुजरने देते हैं। 2019 से चौड़े और भारी स्लीपर लगाए जा रहे हैं, जिससे पटरी ज्यादा मजबूत रहती है, खासकर गर्मियों में। पुलों पर भी मजबूत स्लीपर लगाए गए हैं और यार्ड के अंदर लंबी वेल्ड वाली पटरियां बिछाई गई हैं। इससे पूरा रेलवे नेटवर्क और मजबूत हुआ है। रेल पटरियों के आधुनिकीकरण का सबसे साफ असर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने की क्षमता के रूप में दिखाई देता है। 130 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार के लिए तैयार रेल पटरी का हिस्सा पहले सिर्फ छह प्रतिशत था, जो अब बढ़कर करीब 23 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह 110 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार वाली पटरी पहले करीब 40 प्रतिशत थी, जो अब 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

तमाम सुधार अपना असर भी दिखा रहे हैं। 2014-15 में 135 बड़े रेल हादसे हुए थे, लेकिन 2025-26 में यह संख्या घटकर सिर्फ 16 रह गई। 12 साल पहले भारत की 60 प्रतिशत रेल पटरियां 110 किमी प्रति घंटे से कम रफ्तार तक ही सीमित थीं। रेल पटरी टूटने की घटनाएं आम थीं और ज्यादातर रखरखाव हाथ से किया जाता था। अब करीब 80 प्रतिशत रेल नेटवर्क 110 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार संभाल सकता है। रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं और करीब 1,800 ट्रैक मशीनें काम कर रही हैं। अब रेलवे ने एक नई आनलाइन व्यवस्था भी शुरू की है, जिसे ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम यानी टीएमएस कहा जाता है। इसमें पटरी की जांच, ट्रेन के सफर की गुणवत्ता और पटरी की हालत से जुड़ी सारी जानकारी एक जगह मिल जाती है।

*छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की जाती है। इसके तहत करीब 36.2 लाख किमी ट्रैक और 2.25 करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है। अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीक भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनों और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जो ट्रेन यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है। भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है। ये मशीनें पटरी को ठीक करने, गिट्टी साफ करने और हाथ से होने वाले काम की तुलना में ज्यादा तेज, बेहतर और एकसमान तरीके से करती हैं। पटरी के नीचे बिछी गिट्टी की परत साफ करने में मशीनों ने बड़ा फर्क पैदा किया है। यही गिट्टी पानी निकालने, कंपन कम करने और पटरी मजबूत बनाए रखने का काम करती है। पटरी की ऊपरी सतह की खराबी दूर करने के लिए भी एक लाख किमी से ज्यादा रेल ढांचे की ग्राइंडिंग की गई है। इससे ट्रेन का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित हुआ है। हर साल ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए उनके रखरखाव के लिए मिलने वाला समय कम*

## कहानी

### जल-परी

किसी छोटी सी बस्ती में कोई बुढ़िया रहती थी। उसके आगे-पीछे एक लड़की के सिवा कोई दूसरा न था। बुढ़िया ने लाड-प्यार में उसे ऐसा उठाया था कि वो अपनों को ख़ातिर में लाती न ग़ैरों को। ज़बान दराज़, फूहड़, काम-चोर... माँ के झोंटे नोचने को तैयार मगर माँ थी कि वारी-सदक़े जाती। उसके नख़रे उठाती। बुढ़िया ने अपनी मरने वाली बहन की लड़की को भी अपने पास रख लिया था। बेचारी बे-घर बे-बस... सारे दिन ख़ाला की ख़िदमत में लगी रहती। बहन के नकतोड़े उठाती, जब कहीं रूखी-सूखी मयस्सर आती। ग़रीब लौंडियों की तरह सुबह से शाम तक टख़र-टख़र करती। अपनी नन्ही सी जान को मारती। लेकिन क्या मजाल जो कभी ख़ाला ने उसके सर पर हाथ फेरा हो या बहन ने मीठी ज़बान से कोई बात की हो। जब देखा, माँ बेटियों को ग़ुर्राते। मिसल तो ये मशहूर है कि माँ मरे और मौसी जिए। होती होंगी माँ से ज़्यादा चाहने वाली ख़ालाएँ भी। उसके नसीब से तो बुढ़िया जल्लादनी थी। ईद बक़रईद को भी बेचारी अच्छे खाने अच्छे कपड़ों के लिए तरसती की तरसती ही रह जाती। इस बुरे बरताव पर शाबाश है इस लड़की को कि एक दिन भी उसने किसी से शिकायत नहीं कि। न काम-काज से जी चुराया। जिस हाल में ख़ाला रखती रहती और हंसी ख़ुशी के साथ वक़्त गुज़ारती। बड़ी-बी अगर अंधी थीं या उनके दिल से तरस उठ गया था तो दूसरे तो अंधे न थे। दोनों लड़कियों का रंग-ढंग सब के सामने था। पास-पड़ोस वालियाँ देखतीं और जलतीं, मगर क्या कर सकती थीं। एक तो पराई-आग में पड़े कौन? दूसरे बुढ़िया चलती हवा से लड़ने वाली, बदमिज़ाज, टर्री। हक़-नाहक़ उल्टी-सीधी बकने लगे। अच्छी कहो बुरी समझे। झाड़ का काँटा हो कर लिपट जाये। पड़ोसनों का और तो क्या बस चलता। बुढ़िया अपने घर की मालिक थी। एक उसकी बेटी दूसरी भांजी। हाँ उन्होंने अपने दिल के जले फपोले फोड़ने को दोनों लड़कियों के नाम रख दिए। जब आपस में ज़िक्र आता तो बुढ़िया की चहीती को ततैया कहें कि हर वक़्त भिन-भिन... ज़रा छेड़ा और काटा। दूसरी को गो... कि निगोड़ी पिटती है बुरा-भला सुनती है और कान तक नहीं हिलाती। वो जो मिसल है कि निकली होंटों और चढ़ी कोठों। बस्ती ही कौन सी लंबी चौड़ी थी। दोनों लड़कियों के ये नाम सबको याद हो गए। जहाँ ज़िक्र आता बुढ़िया को ततैया और भांजी को गो कहते। एक दिन कहीं झल्लो ख़ानम के कानों में भी भनक पड़ गई। वो आए तो जाए कहाँ। पड़ोसनों पर तो दिल ही दिल में ख़ूब बरसी कि जाती कहाँ हैं मेरा मौक़ा आने दो... ऐसी फुलझड़ी छोड़ूँगी कि गाँव भर में नाचती फिरें। ततैय्ये ही न लगा दूँ तो बात ही क्या। हाँ ग़रीब भांजी कि कमबख़्ती आ गई। कहावत सुनी होगी कि... कुम्हार पर बस न चला तो गधय्या के कान अमेठे... जब होता उसे गोद-गोद कर खाए जाती कि... 'हाँ ये गो है और मेरी बच्ची ततैया? ख़ुदा करे कहने वालों की ज़बान में ततय्ये ही काटें। क्यों री, तू गो है? ये सारे कौतक तेरे ही हैं। मैं सब जानती हूँ। अरे तेरे कहीं उसने डंग मारा होगा? न जाने मेरे घर में सौकन बन कर कहाँ से आ मरी। ये जैसी मिसमिसी है इसे कोई नहीं जानता।

इस तरह रोज़ बुढ़िया बका करती और लड़की शामत की मारी को सुनना पड़ता। सुनने के सिवा उसे चारा ही क्या था। ख़ुदा किसी को किसी के बस में न डाले। एक दिन बस्ती के बाहर कोई मेला था। बुढ़िया की लाडली अच्छे कपड़े पहन मटकती इतराती अपनी सहेलियों के साथ मेला देखने चली। गो भी आख़िर लड़की ही थी। एक-एक का मुँह देखने लगी। हमसाई ऊपर से झाँक रही थीं। उन्होंने कहा, 'बुआ इस बच्ची को भी भेज दो। इसका दिल भी ख़ुश हो जाएगा। देखना बेचारी कैसी चुप-चाप खड़ी है।' बड़ी बी झल्ला कर बोलीं, 'ये मेले में जाने के क़ाबिल है। सर झाड़, मुँह फाड़। न ढंग के कपड़े न कहीं जाने का सलीक़ा। दूसरे, घर का काम कौन करेगा। इसकी लौंडियाँ बैठी हैं जो काम करने आएँगी और लड़की से चिल्ला कर कहने लगी, 'चल घड़ा उठा और कुएँ पर से पानी ला।' इस ग़रीब लड़की ने घड़ा उठाया और आँखों में आँसू डब-डबाए कुएँ पर गई, पानी भरा और दरख़्त की छाओं में पहुँची कि ज़रा दिल ठहर जाए तो घर चलूँ। रात-दिन की मुसीबत पर उसे रोना आ गया। इतने में पीछे से उसको एक आवाज़ सुनाई दी। उसने झट पल्लू से आँसू पोछ कर गर्दन ऊँची की तो देखा एक बुढ़िया खड़ी है। बुढ़िया ने गिड़-गिड़ा कर लड़की से कहा, 'बेटी प्यासी हूँ ज़रा सा पानी पिला दे।' लड़की ने ख़ुशी-ख़ुशी बुढ़िया को पानी पिला दिया।

*भारत को होर्मुज के भरोसे रहने के बजाय खुद के वैकल्पिक रास्ते और सुरक्षा तंत्र विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे।*

*होर्मुज जलमार्ग इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी मौजूदा रास्ता इसकी क्षमता (प्रतिदिन लगभग 21 मिलियन बैरल तेल) का मुकाबला नहीं करता। फारस की खाड़ी से सीधे लाल सागर को जोड़ने वाली सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन की क्षमता मात्र पांच मिलियन बैरल प्रतिदिन है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की धाबी क्रूड आयल पाइपलाइन होर्मुज को बायपास करते हुए तेल को फुजैरा (ओमान की खाड़ी) बंदरगाह तक पहुंचाती है, परंतु इसकी क्षमता भी मात्र 1.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन है। इराक की तुर्की पाइपलाइन भी तकनीकी बाधाओं और क्षेत्रीय राजनीति के कारण हमेशा पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाती। 'केप आफ गुड होप' का रास्ता*

# चिकित्सा शिक्षा को लगा पैसे का रोग

अ निजी क्षेत्र को चिकित्सा शिक्षा में उतरने की छूट देने के पीछे तर्क दिया गया कि सरकारी महाविद्यालय उतने चिकित्सक तैयार नहीं कर सकते, जितनी जरूरत है। दूसरे,प्रतिस्पर्धा बढ़ने पर शुल्क स्वतः कम हो जाएंगे। लेकिन चिकित्सा शिक्षा के निजी महाविद्यालयों की संख्या करीब पांच सौ तक पहुंच जाने पर भी क्या शुल्कों में गिरावट आई है? भारत सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं की वस्तुस्थिति जानने के लिए समय-समय पर जो आयोग और समितियां गठित की हैं, उन सबकी रिपोर्टों में समान रूप से बार-बार एक ही तथ्य उभर कर आता है कि बहुसंख्यक भारतीय समुचित और यथेष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। वर्तमान समय में देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर दोहरा बोझ है। एक तो आम जनता संक्रामक और मौसमी बीमारियों से सतत रूप से आक्रांत रहती ही है। दूसरे, पेशेवर चिकित्सकों की जमात शहरों में ही केंद्रित होती जा रही है। इन दोनों प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए जहां हमें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि करनी होगी, वहीं पेशेवर चिकित्सकों का प्रशिक्षण इस प्रकार से करना होगा कि वे जहां हमारे देश की प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने में सक्षम बनें, वहीं मानसिक रूप से भी यह जिम्मेदारी उठाने के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। ऐसा देखा गया है कि वर्तमान चिकित्सा शिक्षा ऐसे स्नातक चिकित्सक तैयार नहीं कर पा रही जो गांवों और कस्बों में रह कर आम जनता की स्वास्थ्य विषयक तकलीफों का निदान कर सकें। इस प्रकार चिकित्सा शिक्षा का अंधा विस्तार मात्र करके हम अपने यहां की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान नहीं पा सकते। चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि करना वास्तव में एक भोथरी रणनीति ही कहा जाएगा। इस रणनीति पर चल कर आप इस देश में स्वास्थ्य सेवाओं की मांग और आपूर्ति के बीच की खाई को नहीं पाट सकते और तब तो खासकर इस अंतराल को




नहीं भरा जा सकता जब आप चिकित्सा शिक्षा को पूरी तरह से निजी क्षेत्र के रहमोकरम पर छोड़ देते हैं। अब तक के अनुभव हमें बताते हैं कि चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने वाले निजी महाविद्यालय का शुल्क ढांचा एक आम नागरिक के बच्चे की पहुंच से बहुत बाहर होता है। एक अंग्रेजी अखबार में छब्बीस अगस्त को छपी खबर के मुताबिक तमिलनाडु में चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम चलाने वाले निजी संस्थानों का औसत शुल्क लगभग दो करोड़ तक पहुंच गया है। परास्नातक और अन्य प्रकार की चिकित्सा उपाधियों वाले पाठ्यक्रमों के शुल्क निजी महाविद्यालयों और डीम्ड विश्वविद्यालयों में और भी ज्यादा ऊंचाई तक पहुंच चुके हैं। और हम जानते हैं कि एक आम आदमी का बच्चा दो करोड़ देकर डॉक्टर नहीं बन सकता। वर्तमान व्यवस्था ने चिकित्सा शिक्षा तंत्र को वह औपचारिक रूप दे डाला है जहां आर्थिक स्तर और वर्गीय विशेषाधिकारों के आधार पर विद्यार्थियों में भेद पैदा हो गया है, श्रेणीकरण हो गया है। वैसे तो ऐसा स्तर भेद होना किसी भी क्षेत्र में अवांछनीय है लेकिन भावी चिकित्सकों के बीच इस प्रकार का भेदभाव बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह एक ऐसा पेशा है जहां आपको भगवान का दर्जा दिया जाता है। चिकित्सक में सहानुभूति, परोपकार और सेवाभाव की आम जनता बड़ी इज्जत करती है अतः इन गुणों को प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। लेकिन क्या निजी क्षेत्र से आप इन चीजों की उम्मीद कर सकते हैं? चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मची इस अंधी लूट और तमाम तरह के भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का संज्ञान लेकर मई में सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को हिदायत दी थी कि संसद की स्थायी समिति के सुझाव के अनुसार एक निगरानी समिति बनाई जाए जो भारतीय चिकित्सा परिषद के कार्यों पर निगरानी रख सके। यहां गौरतलब है कि देश में चिकित्सा शिक्षा के नियमन का काम यही परिषद देखती है

# टूटी हुई आम आदमी पार्टी

राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल समेत आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में जाने का उपक्रम इस दल और साथ ही राष्ट्रीय संयोजक के रूप में उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका है। आप के इन तीन राज्यसभा सदस्यों के अतिरिक्त क्रिकेटर हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल का अभी भाजपा में शामिल होना शेष है, पर पार्टी से अलग होने की उनकी सहमति यही बता रही कि अब औपचारिकता ही शेष है। आप के कुल दस राज्यसभा सदस्यों में से जो सात सदस्य टूटे, उनमें राघव चड्ढा को हाल में राज्यसभा के उपनेता पद से हटाया गया था। इसके बाद यह साफ हो गया था कि स्वाति मालीवाल की तरह उनका भी पार्टी में कोई भविष्य नहीं, लेकिन इस पर हैरानी है कि राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में



उपनेता बनाए गए अशोक मित्तल ने भी केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इनके यहां कुछ दिनों पहले ईडी ने छापेमारी की थी। आप नेता कह सकते हैं कि उनके दल त्याग के पीछे इस छापेमारी की भूमिका रही, पर उनके साथ संदीप पाठक का पार्टी छोड़ना बहुत ही आश्चर्यजनक है। वे केजरीवाल के भरोसेमंद साथी थे और उनकी गिनती पार्टी के रणनीतिकारों में भी होती थी। इन सात सांसदों की टूट का असर राष्ट्रीय स्तर पर हो सकता है, लेकिन वह शायद सबसे अधिक पंजाब में दिखेगा। यह पहली बार नहीं, जब आप के ऐसे नेताओं ने पार्टी छोड़ी हो या फिर उन्हें बाहर जाने को बाध्य किया गया हो, जो केजरीवाल के उन दिनों के साथी रहे, जब पार्टी का गठन भी नहीं हुआ था। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, आनंद कुमार, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, राघव चड्ढा, स्वाति मालीवाल जैसे न जाने कितने ऐसे नेता हैं, जिन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़ा या फिर उन्हें जबरन किनारे किया गया। इनमें से कई आप के संस्थापक सदस्य थे। इसका सीधा अर्थ है कि समस्या केजरीवाल के नेतृत्व और उनकी रीति-नीति में है। केजरीवाल और उनके साथियों के लिए यह कहना तो आसान है कि भाजपा ने कथित आपरेशन कमल के जरिये उसके सांसदों को तोड़ लिया, पर अच्छा होगा कि वे इस पर आत्मचिंतन करें कि उनके घनिष्ठ सहयोगी एक-एक करके उनका साथ क्यों छोड़ रहे हैं? यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं कि आप ने अपने उदय के साथ नई तरह की और साफ-सुथरी राजनीति करने का जो वादा किया था, वह न जाने कहां गुम हो गया। समय के साथ पार्टी की प्राथमिकताएं बदल गईं और उसने जो आशाएं जगाई थीं, वे भी विलीन हो गईं। निःसंदेह वह दिल्ली के बाद पंजाब में भी सरकार बनाने में सफल रही



## गर्मी के मौसम के लिए मुनमुन दत्ता ने साझा किए देसी ड्रिंक

छोटे परदे की लोकप्रिय अभिनेत्री मुनमुन दत्ता ने अपने समर मॉर्निंग रूटीन की एक झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। यह पोस्ट उनके फैंस को बेहद पसंद आ रही है। मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह बताया है कि वह अपनी सुबह की शुरुआत किस तरह से करती हैं ताकि गर्मियों में भी तरोताजा और स्वस्थ रह सकें। तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में बबीता जी के किरदार से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो और कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनके हेल्दी नाश्ते और पेय पदार्थों की स्पष्ट झलक देखने को मिल रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने सुबह के लिए एक ऐसी ड्रिंक तैयार की है, जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और शरीर को अंदर से मजबूत बनाती है। यह कैप्शन ही उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आयुर्वेदिक सिद्धांतों में उनके विश्वास को दर्शाता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मुनमुन दत्ता छाछ से एक विशेष पेय बना रही हैं, जिसे वह पेट की सेहत के लिए बेहद बेहतरीन ड्रिंक मानती हैं। इसे तैयार करते समय उन्होंने उसमें बारीक कटा हुआ प्याज, ताजा हरा धनिया और अन्य कई स्वास्थ्यवर्धक चीजों को मिलाया, जिससे इसका स्वाद और पौष्टिकता दोनों बढ़ जाती है। छाछ, जिसे दही से बनाया जाता है, पारंपरिक रूप से गर्मियों में शरीर को ठंडक देने और पाचन को सुधारने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके अलावा, मुनमुन ने एक और तस्वीर के माध्यम से एक और खास देसी ड्रिंक के बारे में जानकारी दी, जिसे रागी अंबली कहा जाता है। उन्होंने कैप्शन में बताया, यह देसी पेय पाचन को बेहतर बनाता है। साथ ही, यह गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने का भी काम करता है। यह शरीर को हल्का महसूस कराता है और ऊर्जा का स्तर बनाए रखता है। रागी अंबली, जो रागी के आटे से बनता है, दक्षिण भारत में एक लोकप्रिय और पौष्टिक पेय है, जो फाइबर और कैल्शियम से भरपूर होता है। मुनमुन दत्ता अपनी फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर व्यायाम, योग और स्वस्थ खानपान से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनका दृढ़ता से मानना है कि फिट और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम के साथ-साथ सही और संतुलित खानपान भी उतना ही आवश्यक है।

## समीरा रेड्डी का आखिरी सवाल से कमबैक

संजय दत्त की आगामी फिल्म 'आखिरी सवाल' इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन गई है, जिसकी दर्शक बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर इसका टीजर जारी किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के इतिहास की एक ऐसी झलक दिखाई गई है, जिसे पहले कभी इस अंदाज में नहीं देखा गया था। यह टीजर दर्शकों के बीच गहरी उत्सुकता जगा रहा है और उन्हें एक नई कहानी से जोड़ने का वादा करता है। इस फिल्म के जरिए लंबे अंतराल के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहीं अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने अपने किरदार और फिल्म के चुनाव को अपने करियर का सबसे बड़ा और निडर फैसला बताया है। उन्होंने कहा, मैंने फिल्मों में वापसी सिर्फ सुरक्षित भूमिकाएं निभाने के लिए नहीं की है, और 'आखिरी सवाल' बिल्कुल भी आसान फिल्म नहीं है। समीरा ने आगे बताया, आरएसएस को लेकर मेरी समझ पहले सीमित थी, लेकिन जब मैंने इसकी स्क्रिप्ट पढ़ी तो महसूस हुआ कि कई बातें वैसी नहीं हैं जैसी दिखती हैं।





## एक समय खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं मालविका

हाल ही में साउथ की मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन ने बताया कि एक वक्त ऐसा आया था, जब वह अंदर से पूरी तरह टूट गई थीं। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ दिल की बात साझा की। मालविका ने खुलासा किया कि परिवार और अपने करीबियों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं। यह खुलासा मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ आयोजित किए गए आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान किया। इस सत्र के दौरान एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं? इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने बेहद ईमानदारी से अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया, पिछले महीने में काम के सिलसिले में चेन्नई में थी। मुझे वहां काफी लंबे समय तक रुकना पड़ा। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी सुचारु रूप से चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने के कारण मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थी। मालविका ने अपनी भावनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा, दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद, जब मैं रात को अपने होटल के कमरे में लौटती थी, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यह बात मुझे अंदर ही अंदर परेशान करने लगी थी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी और लगातार अकेले रहने का गहरा असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसकी वजह से मुझे रोना आता था।

उनका यह अनुभव दिखाता है कि किस तरह बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के सितारों को भी आम इंसानों की तरह भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, भले ही उनकी जिंदगी बाहर से कितनी भी चकाचौंध भरी क्यों न लगे। अपने निजी अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोफेशनल प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की, जो उनके जीवन में आगे बढ़ने का एक संकेत है। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिभाशाली त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं, जिनकी तारीफ करते हुए मालविका ने कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने यह भी बताया कि इस फिल्म का नाम पॉकेट नॉवेल है और यह इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए एक खास अनुभव रहा है।

## आमिर ने नए दौर के स्टार्स की आदतों पर जताई नाराजगी



फिल्म इंडस्ट्री में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने कुछ चीजों को अपनी दूरदर्शिता और सिद्धांतों के दम पर बदला है। मीडिया चर्चा में आमिर खान ने खुलासा किया था कि जब वह नए-नए भारतीय सिनेमा जगत में आए थे, तो उन्होंने कुछ ऐसी चीजों को नोटिस किया जो उन्हें बेहद अजीब और अनुचित लगीं। आमिर खान ने इन चीजों को बदलने का फैसला किया और अपनी दृढ़ता से उन्हें बदलकर ही दम लिया, जिससे बॉलीवुड में एक नया मानक स्थापित हुआ। मीडिया से बातचीत में आमिर खान ने बताया, जब मैं इंडस्ट्री में आया था, तब एक सिस्टम था कि जब कोई स्टार आता है, तो उसके ड्राइवर का पैसा और उसके बॉय (पर्सनल असिस्टेंट) का पैसा प्रोड्यूसर देता है। इस प्रथा पर सवाल उठाते हुए आमिर खान ने आगे कहा, तब मैंने सोचा कि यार, बॉय और ड्राइवर तो मेरे लिए काम करते हैं ना। तो प्रोड्यूसर क्यों उनका पैसा देगा? मैं बहुत खुद्दार आदमी हूं, मुझे नहीं चाहिए कि आप मेरे पैसे दें। कल को क्या आप मेरे बच्चे के स्कूल की फीस भी भरेंगे? यह किसी हद पर जाकर तो रुकना चाहिए ना। आमिर खान का मानना था कि प्रोड्यूसर को सिर्फ उतना खर्च करना चाहिए जो फिल्म के निर्माण पर आधारित है। उन्होंने सुझाया कि प्रोड्यूसर को मेकअप मैन का पैसा, हेयर ड्रेसर का पैसा या कॉस्ट्यूम वाले का पैसा देना चाहिए, क्योंकि ये सब सीधे फिल्म से जुड़े होते हैं। आमिर खान ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें यह पसंद नहीं था कि प्रोड्यूसर उनके बॉय और ड्राइवर का पैसा क्यों देंगे। उन्होंने नए दौर के स्टार्स की कुछ आदतों पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। आमिर खान ने कहा, जब आप एक हद से ज्यादा प्रोड्यूसर को तंग करने लगते हो, तो वह गलत है। जब मैं सुनता हूं कि आपकी जरूरतों और फरमाइशों की लिस्ट जब बहुत लंबी होती चली जाती है, तो मुझे बहुत तकलीफ होती है। सुपरस्टार ने बताया कि उनके बॉय और ड्राइवर उनके लिए काम करते हैं और इसलिए वह उन्हें खुद पैसा देंगे।


## मेरे लिए दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी है: मनीषा कोइराला

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला आज भी भारतीय सिनेमा और अन्य मंचों पर सक्रिय हैं। दिल से, मन और गुप्त जैसी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री को हाल ही में संजय लीला भंसाली की भव्य पीरियड ड्रामा हीरामंडी-द डायमंड बाजार में देखा गया। मनीषा कोइराला अक्सर कला और संस्कृति से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करती रही हैं। हाल ही में उन्होंने नेपाल के एक प्रतिष्ठित म्यूजियम का दौरा किया, जहां उन्होंने अपने देश नेपाल की समृद्ध संस्कृति और अद्भुत कला से रूबरू होने का अवसर पाया। मनीषा कोइराला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें वह अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि उनके लिए उनके दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी की कुंजी हैं। इस व्यक्तिगत पोस्ट के अलावा, अभिनेत्री ने नेपाल म्यूजियम की कुछ अद्भुत तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें बौद्ध और हिंदू धर्म की कलात्मक झलक एक साथ देखने को मिल रही है। इन तस्वीरों में एक तरफ भगवान शिव के नटराज अवतार की भव्य पेंटिंग दिखाई देती है, तो दूसरी तरफ बौद्ध संस्कृति को दर्शाती शांतिपूर्ण और गहन कलाकृतियां हैं। एक पेंटिंग में अलग-अलग भाषाओं में कई प्राचीन मंत्र लिखे हुए हैं, जबकि कुछ पेंटिंग मां काली के रौद्र और शक्तिशाली रूप को अत्यंत कलात्मक ढंग से प्रदर्शित करती हैं। इन प्यारी और कलात्मक तस्वीरों को साझा करते हुए मनीषा ने लिखा, मुझे कुछ अद्भुत कलाकारों और मेरे दोस्तों का काम नेपाली कला संग्रहालय में देखने का मौका मिला। थंका और पौभा, जो समृद्ध नेवारी कला परंपराओं के प्रतीक हैं, उनके प्रति मेरा प्रेम समय के साथ और गहरा होता जा रहा है। हर कलाकृति में ऐसी भक्ति, इतिहास और आत्मा समाई हुई है। इसे देखना और इसके बारे में सीखना सचमुच एक विशेष और प्रेरणादायक अनुभव था। अभिनेत्री ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि संग्रहालय में प्रदर्शित हर कलाकृति को इतने प्यार और बारीकी से तैयार किया गया था कि वे बिल्कुल जीवंत लगती थीं। उन्होंने महसूस किया कि हर प्रतिमा और पेंटिंग से कुछ न कुछ नया सीखने को मिल रहा है, जो उनके मन को शांति और प्रेरणा प्रदान कर रहा था। मनीषा ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनकी भाभी भी काफी सालों से नेपाल में रहकर एक आर्ट एकेडमी चला रही हैं। उन्होंने कहा कि, किसी भी विदेशी महिला के लिए इस तरह की संस्था को बिल्कुल शुरुआत से शुरू करना आसान नहीं होता, लेकिन उनकी भाभी ने अपनी लगन और मेहनत से इसे संभव कर दिखाया है। मनीषा ने गर्व से बताया कि आज उनकी भाभी की दृढ़ता और परिश्रम की बदौलत ही इस संस्था ने कला जगत में एक मजबूत और सम्मानित नाम कमाया है, जो नेपाल की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।




## जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा

मशहूर फिल्ममेकर इम्तियाज अली अपनी आगामी रोमांटिक पीरियड ड्रामा मैं वापस आऊंगा को जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में हैं। यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की हृदय विदारक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें प्यार, यादें और घर वापसी की एक मार्मिक कहानी को खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हाल ही में, इम्तियाज अली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पटियाला में फिल्म की टीम के साथ एक खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद लेते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वे घर पर आराम से बैठे नजर आ रहे हैं, और उनके साथ अभिनेता वेदांग रैना, अभिनेत्री शरवरी सहित कई कलाकार मौजूद हैं। सभी लोग किसी मजेदार बातचीत में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, जिससे लगता है कि शूटिंग के दौरान का माहौल काफी खुशगवार और दोस्ताना रहा होगा। इम्तियाज अली ने अपनी इस पोस्ट के जरिए शूटिंग के उन यादगार पलों को फिर से ताजा किया, खासकर पटियाला के उस सुंदर सूर्यास्त को जो अब भी उनकी यादों में तरोताजा है। इस तस्वीर को साझा करते हुए इम्तियाज अली ने लिखा, शूटिंग की यादें, पटियाला में सुनहरे सूर्यास्त शरवरी और वेदांग रैना के साथ। फिल्म का नया गाना क्या कमाल है भी हाल ही में रिलीज हुआ है। मेकर्स ने दर्शकों में फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाने के लिए पहले गाने का ऑडियो जारी किया था, और कुछ दिनों बाद ही इसका वीडियो भी रिलीज कर दिया। दर्शकों ने ऑडियो और वीडियो दोनों को ही बेहद पसंद किया है। इस गाने के जरिए निर्देशक इम्तियाज अली, संगीतकार एआर रहमान और गीतकार इरशाद कामिल की एक बार फिर से सफल तिकड़ी वापसी हुई है, जिन्होंने अतीत में कई यादगार गाने दिए हैं। इस खास गाने को दिलजीत दोसांझ ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है, जबकि इसका संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है और इरशाद कामिल ने इसके दिल को छू लेने वाले बोल लिखे हैं। फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना जैसे प्रतिभाशाली कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत एआर रहमान दे रहे हैं, जो इसकी भावनात्मक गहराई को और बढ़ाएगा। यह फिल्म विभाजन के दर्द और व्यक्तियों के बीच रिश्तों की गहराई को छूती हुई एक शक्तिशाली रोमांटिक कहानी पेश करेगी। इम्तियाज अली अपनी भावुक और यादगार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, और उम्मीद है कि यह फिल्म भी उनकी इसी पहचान को बरकरार रखेगी। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।






## सुभाष घई ने की राजा शिवाजी की दिल खोलकर तारीफ

हाल ही में अपनी घोषणा के बाद से चर्चा में रही फिल्म राजा शिवाजी अब एक नए स्तर पर पहुंच गई है। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख के निर्देशन में बनी फिल्म राजा शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक, छत्रपति शिवाजी महाराज के असाधारण जीवन पर आधारित है। फिल्म के ट्रेलर और पोस्टर सामने आने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है, और अब इस उत्साह को दिग्गज फिल्ममेकर सुभाष घई की प्रतिक्रिया ने और बढ़ा दिया है। फिल्म राजा शिवाजी का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए, भारतीय सिनेमा के इस अनुभवी निर्माता-निर्देशक ने फिल्म की दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने फिल्म के ट्रेलर को बेहद दमदार बताते हुए भविष्यवाणी की कि यह दर्शकों को एक अनूठा और जादुई सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगी। अपने पोस्ट में सुभाष घई ने लिखा, सोचिए, जब ट्रेलर ही इतना रॉकिंग है, तो फिल्म कैसी होगी। थिएटर में फिल्म देखने का अनुभव और भी खास और जादुई होने वाला है।

यह फिल्म दर्शकों को एक अलग ही स्तर का सिनेमाई अनुभव देने वाली है। उनकी यह टिप्पणी फिल्म के प्रति बढ़ती उम्मीदों को और बल देती है, खासकर जब यह एक ऐसे मास्टर फिल्ममेकर से आई हो, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को कई कालजयी फिल्में दी हैं। सुभाष घई ने रितेश देशमुख के इस प्रोजेक्ट के प्रति जुनून और कड़ी मेहनत की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि रितेश ने न केवल अभिनय के मोर्चे पर बल्कि कहानी लेखन और निर्देशन के क्षेत्र में भी शानदार काम किया है। उनके अनुसार, फिल्म में देशभक्ति की भावना साफ नजर आती है, जो दर्शकों के दिलों को छू लेगी। घई ने विश्वास व्यक्त किया कि यह फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी, बल्कि दर्शकों के बीच एक स्थायी छाप भी छोड़ेगी। उन्होंने फिल्म में शामिल अन्य कलाकारों, विशेष रूप से संजय दत्त और अभिषेक बच्चन के योगदान को भी सराहा, यह मानते हुए कि इन अनुभवी सितारों ने रितेश के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे फिल्म की गुणवत्ता और प्रभाव कई गुना बढ़ गया है। राजा शिवाजी फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के संघर्ष, साहस और असाधारण नेतृत्व को बड़े परदे पर उतारने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास है। यह सिर्फ इतिहास की एक कहानी नहीं है, बल्कि प्रेरणा और देशभक्ति का एक गहरा संदेश भी देती है। फिल्म में रितेश देशमुख स्वयं मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जिनके साथ संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों का एक विशाल समूह है।

# बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम पर निकाली विजय रैली

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वाहिदपुरा में विद्यार्थियों की ओर से बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने के उपलक्ष्य में शनिवार को पूरे गांव में संगीतमय व देशभक्ति की धुनों के साथ भव्य विजय रैली निकाली गई। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल वाहिदपुरा गांव, बल्कि मंडावा ब्लॉक में भी विद्यालय की विशेष पहचान स्थापित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेलकूद, स्काउट-गाइड, एनएमएमएस व अन्य सहगामी गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए झुंझुनू जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र व वर्तमान में तेतरा गांव में वरिष्ठ अध्यापक के रूप में कार्यरत, हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित कीर्तिपाल सिंह का साफा व माला पहनाकर विद्यालय परिवार व अभिभावकों की ओर से सम्मान किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और



निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने रैली के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों का प्रवेश राजकीय विद्यालयों में कराएं, जहां बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। पीईईओ सुमन कुमारी ने विद्यालय स्टाफ के समर्पण एवं कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने भी संकल्प लिया कि वे भविष्य में और बेहतर परिणाम देते हुए विद्यालय एवं गांव का नाम निरंतर रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्कृष्ट परिणामों पर ऐसे विजय उत्सव का आयोजन आगे भी निरंतर किया जाएगा।

## पिकअप-बोलेरो भिड़ंत, दो घायल, गाय बचाने के चक्कर में बिगड़ा संतुलन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में बीकानेर जाने वाली मुख्य सड़क पर शनिवार को सरस डेयरी के आगे एक पिकअप और बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें तुरंत सरदारशहर उप जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। प्रत्यक्षदर्शी उड़सर लोडेरा निवासी राकेश पांडिया ने बताया कि अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। पिकअप चालक ने गाय को बचाने की कोशिश की। जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रही बोलेरो की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही सरदारशहर पुलिस मौके पर पहुंची। सब इंस्पेक्टर रामकरण सिंधु ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सड़क पर लगे जाम को खुलवाया और यातायात को सुचारु किया। घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हाल के दिनों में मुख्य सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा है। इसे देखते हुए पुलिस ने वाहन चालकों सेवा सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## भागवत कथाः ध्रुव चरित्र और शिव-पार्वती विवाह प्रसंग



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत - भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचिका रजनीश्वरी मिश्रा ने ध्रुव चरित्र और शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। मिश्रा ने कपिल अवतार और ध्रुव चरित्र के माध्यम से सृष्टि की रचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता, इसलिए कलियुग में दया, धर्म और भगवान का स्मरण ही सभी योनियों से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवां अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया था। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जन्मों के पाप कट जाते हैं। उन्होंने भक्ति में दिखावे से बचने की सलाह भी दी। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने इसे एक पवित्र संस्कार बताया। कथा के समापन बाद प्रभूदयाल रामवतार देवड़ा की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान राजकुमार सिंघानिया, सुभाषचन्द्र हेमाणी, रामस्वरूप टेलर, रामबिहारी पारासर, उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, सीमा देवड़ा, सरोज तुनवाल, संजू मिटावा, संगीता टेलर, सुशीला सैनी, गायत्री सिरस्वा, विद्या घोड़ेला, बबीता तुनवाल, भंवरी सैनी, कविता सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेज अंधड़ ने मचाया बवंडर, पेड़ गिरा



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 में आज एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को दोपहर बाद अचानक से मौसम में बदलाव देखने को मिला और तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं तेज आंधी के कारण कस्बे के वार्ड 2 में गणेश मंदिर के सामने वाले मार्ग पर एक बड़ा पेड़ आम रास्ते व बिजली के तारों पर गिर गया जिसके कारण विद्युत पोल भी झुक गया। आम रास्ता होने के कारण इस मार्ग से पैदल राहगीरों सहित वाहनों का आवागमन रहता है। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा उस दौरान कोई वहां से गुजर नहीं रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आम रास्ते पर पेड़ गिरने के कारण आवागमन भी बाधित रहा। सूचना पर नगर पालिका की जेसीबी मौके पर पहुंची और पेड़ को आम रास्ते से हटाया उसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ। वही घटनाक्रम के करीब 2 घंटे बाद विद्युत सप्लाई चालू हुई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे सुजानगढ़ सालासर रोड पर लोढ़सर गांव स्थित तेजाजी मंदिर के पास दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाईक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर सदर थाने से एसआई गीता रानी मौके पर पहुंची तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणिया, हरिओम खोड़ द्वारा युवक को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में ले



जाया गया। जहाँ डॉ रामरत्न बिस्सू ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक गोपाल (45) पुत्र रावताराम जाट, निवासी खालियां का था, जो कि लोढ़सर मे काम करता था। किसी काम से वापस लौटते वक्त ये हादसा हो गया। पुलिस ने परिजनो की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## विप्र फाउंडेशन का स्वच्छता अभियान, देवस्थानों में श्रमदान कर दिया सेवा का संदेश

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में सामाजिक सरोकारों को लेकर सक्रिय विप्र फाउंडेशन की ओर से अष्टदिवसीय सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शनिवार को देवस्थानों की स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवबाड़ी मंदिर परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर उसे व्यवस्थित किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में मौजूद विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि देवस्थान केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज की आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। उनकी स्वच्छता, सुरक्षा और संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के देवस्थानों की नियमित देखभाल में सक्रिय भूमिका निभाएं और स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दें। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष रामगोपाल जोशी, कृष्णकुमार सारस्वत, पवन भोजक, संत कुमार कौशिक, नोरतन झेड़ू, संदीप दर्जी एवं शुभम शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। यह अभियान समाज में सेवा, स्वच्छता और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हो रहा है।

## 1 लाख रूपयों से भरा थैला पार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस को विश्वनाथ बगड़िया पुत्र नागरमल बगड़िया निवासी बगड़िया मंदिर के पास, सुजानगढ ने रिपोर्ट देकर एक लाख रू. चोरी हो जाने की जानकारी दी है। विश्वनाथ ने पुलिस को बताया है कि 24 अप्रेल को साढ़े 11 बजे मैंने पंजाब नेशनल बैंक शाखा सब्जी मंडी शाखा से 1 लाख रूपए निकाले और चैकबुक, रूपए थेले में डाल लिए। उसके बाद मैं मुरली होटल पर सामान लेने के लिए रूका, काउंटर पर मैंने थेला रखा। लेकिन कोई लड़का थैला रूपयों सहित चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्लीपर बस का आगे का फटा टायर, बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई

### 400 मीटर तक सड़क से नीचे तक गई

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा थाना अंतर्गत गांव साडासर के पास शुक्रवार देर रात्रि को एक जयपुर से भंटिडा जा रही स्लीपर बस के आगे का टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराते हुए सड़क से करीब 400 मीटर तक बीहड़ में चली गई। बस में सवार एक महिला की मौत हो गई। वहीं सात से आठ जाने घायल भी हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची भानीपुरा पुलिस ने घायलों को राजकीय अस्पताल 108 एंबुलेंस के सहयोग से पहुंचाया।मृतक महिला के शव को राजकीय उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी रूम में रखवाया गया। महिला के पति दिलीप कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी भरतपुर ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि शुक्रवार शाम को जयपुर से भटिंडा जाने वाली स्लीपर बस में मैं मेरी पत्नी व मेरे चार वर्षीय पुत्र जयपुर से अपने ससुराल बठिंडा जा रहे थे। शुक्रवार रात्रि को करीब 2:30 बजे साडासर के पास बस के ड्राइवर साइड के आगे का टायर अचानक ब्लास्ट होकर फट गया। जिससे बस असंतुलित होकर सामने खड़े ट्रेलर के बराबर में टकराती हुई गलत साइड में सड़क से नीचे उतरती हुई पेड़ों से टकराती हुई करीब 400 मीटर सड़क से नीचे तक चली गई। जिससे मेरी पत्नी रमनदीप कौर उम्र 28 साल के सिर में गंभीर चोटें आई। मौके पर उपस्थित लोगों ने व पुलिस ने एंबुलेंस के सहयोग से मेरी पत्नी को इलाज के लिए राजकीय उप जिला चिकित्सालय सरदारशहर लाया गया। मेरी पत्नी ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बस चालक बस को पहले भी गफलत व लापरवाही से तेज चलता आ रहा था। बस चालक के लापरवाही से उक्त घटना घटित हुई है। भानीपुरा पुलिस थाने के एएसआई दौलत राम ने परिजनों की रिपोर्ट लेकर मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

## कल रैली निकालकर करेंगे गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आन्दोलन तेज किया जा रहा है। सोमवार को सुबह गांधी चैक में साढ़े नौ बजे से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद गौ पूजन किया जाएगा। वहीं से उपस्थित सैंकड़ों लोग उपखंड कार्यालय तक शांतिपूर्वक रैली के रूप में जाएंगे। गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। गौसेवक बबलू बजरंगी ने बताया कि सरकार से गौहत्या पूर्णतया बंद करने, गौसेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने, केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय बनाए जाने, गोचर बोर्ड बनाने, चारा सुरक्षा नीति तय करने की मांगे भी की जाएगी।

## पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र, पुस्तकें विकसित करती हैं व्यापक दृष्टिकोणः सुराणा

### जिला कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में की शिरकत, प्रतिभाओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को राममंच, गांधी विद्या मंदिर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की और प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। पुस्तकें स्व-चिंतन को विकसित करती हैं तथा व्यक्ति को व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। पुस्तकें व्यक्ति को गहन चिंतन के लिए प्रेरित करती हैं और उसके व्यक्तित्व का समग्र विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। लक्ष्य बड़ा होना चाहिए और विशेष रूप से 18 से 24 वर्ष की आयु में लक्ष्य प्राप्ति ?के लिए की गई मेहनत ही जीवन की दिशा तय करती है। जिला कलेक्टर ने जिले में संचालित 'कोड चूरू' कार्यक्रम एवं 'पुस्तक संवाद' कार्यक्रम की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को अधिकाधिक जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीक और कौशल का युग है इसलिए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जुड़कर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। उन्होंने पुस्तक संवाद कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों को अधिकाधिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सरदारशहर ब्लॉक के कक्षा 10 व 12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 195 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, एडीपीसी सरिता आत्रेय, सीबीईओ सुभाष सोनगरा, अशोक कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भाईसाहब की पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस)।** बगड़िया बाल विद्या निकेतन के प्रणेता सांवर शर्मा (भाईसाहब) की तेरहवीं पुण्यतिथि पर निकेतन परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत, समाजसेवियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति ने माहौल को भावुक बना दिया।समारोह में निकेतन सचिव पवन गोयनका, प्राचार्य विपिन शर्मा व बगड़िया बी.एड. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश दाधीच सहित अतिथियों ने भाईसाहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन को त्याग, समर्पण और शिक्षा सेवा का



प्रतीक बताते हुए नई पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।वक्ताओं ने कहा कि सांवर शर्मा ने शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता और संस्कारों का दीप प्रज्वलित किया, जिसकी रोशनी आज भी संस्थान और समाज को दिशा दे रही है।कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, पूर्व शिक्षक बलवीर आंतरोली, समाजसेवी अब्दुल हकीम, व्यवसायी ललित भूत, अनिल मिश्रा, कमल तिवारी, शशांक जोशी, मुकेश कुमावत सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## पेयजल सप्लाई सुचारू करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नहरबंदी के बीच पेयजल सप्लाई की व्यवस्था को सुचारू करने की मांग को लेकर भाजपा नेता व एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप के नेतृत्व में एक ज्ञापन जलदाय विभाग के अधिशषी अभियंता कैलाश माली को सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपते वक्त बाबूलाल कुलदीप ने बताया कि नहरबंदी के बीच रतनगढ़ व चूरू में तीन दिनों का रोटेशन बनाया गया है, जबकि सुजानगढ़ में 10-15 दिनों से पानी दिया जा रहा है। इसलिए इस अव्यवस्था को दूर कर पानी की सुचारू व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते वक्त भाजपा नेता पंकज घासोलिया, सम्पत पथानिया, वीरेंद्र गहलोत आदि मौजूद रहे।

## विद्युत पोल टूटने से लोग परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भोजलाई बास स्थित श्मसान घाट के गेट के पास स्थित लगा एक विद्युत पोल वाहन की टक्कर से टूट गया। लोगों ने बताया कि टक्कर के कारण पोल जमीन पर टूट गया, लेकिन विद्युत तारो में बंधा होने के कारण पोल तिरछा होकर हवा में ही लटक गया। गनीमत ये रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय निवासी सोहिल गोपालपुरिया ने



बताया कि पोल टूटने के कारण आस-पास के घरों में करीब चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिसके कारण लोगों को तपती गर्मी की दोपहरी में काफी दिक्कत हुई। करीब चार घंटे बाद विद्युत पोल को दुरूस्त करने का काम किया गया।

## एंपावर फाऊंडेशन ने छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की

**जयपुर टाइम्स/चूरू(निस)।** एंपावर एजुकेशन फाउंडेशन गुड़गांव-बैंगलोर की ओर से शनिवार को राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय गाजसर व राजकीय सर्वहितकारिणी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुत्री पाठशाला में विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वनाथ गोटेवाला थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आशीष गोटेवाला, सुनील भाऊवाला व शुभम बजाज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अमर सिंह कस्वां ने की। मुख्य अतिथि विश्वनाथ गोटेवाला ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से जिले के आठ विद्यालयों में 895 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, उत्तर पुस्तिकाएं तथा अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन की ओर से अन्य जरूरतमंद विद्यालयों को नोटिस कर इन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य अमर सिंह कस्वां ने कहा कि फाउंडेंशन की ओर से इस प्रकार जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर शिक्षा को बढ़ावा दिया है, इसे हम किसी परोपकार से कम नहीं मानते हैं। इस दौरान अतिथियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा भाटी ने किया।

**Office Gram Panchayat Harjanpura, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

File No: 08 Date : 25.4.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for VB GRAMG (MGNAREGA) and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for FY 2026-27 Gram Panchayat Harjanpura, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 24.04.2026, 09:00 AM to 04.05.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 45,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLRC00035.

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हरजनपुरा
पं.स नीमकाथाना सिकर

प्रशासक
ग्राम पंचायत हरजनपुरा
पं.स नीमकाथाना सिकर

# महिला आरक्षण तुरंत लागू हो : साफिया जुवेर, धौलपुर में कांग्रेस की प्रेस वार्ता में केंद्र पर निशाना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)** महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को स्थानीय होटल रेड स्टोन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक साफिया जुबैर ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा 2023 में सर्वसम्मति से महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद इसे लागू नहीं करना महिलाओं को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस विधेयक को जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तों से जोड़कर अधर में लटका दिया है, जो महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।




साफिया जुवेर ने कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ होती तो महिला आरक्षण को लागू करने में किसी प्रकार की देरी नहीं होती। उन्होंने इसे भाजपा का 'चुनावी स्टंट' बताते हुए कहा कि केवल विज्ञापनों में महिलाओं की बात करना और धरातल पर उन्हें अधिकार न देना दोहरी नीति को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि महिला आरक्षण को 2029 तक टालने के बजाय आगामी चुनावों से ही प्रभावी किया जाए।

प्रेस वार्ता में करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भजन लाल जाटव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। साथ ही उन्होंने धौलपुर-करौली-गंगापुर रेल लाइन के दूसरे चरण का कार्य शुरू होने की जानकारी देते हुए कहा कि यह क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है, जो जल्द पूरी होगी।

धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय कुमार जाटव सहित अन्य वक्ताओं ने भी भाजपा सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है तो सरकार को बिना देरी इसे लागू कर महिलाओं को उनका अधिकार देना चाहिए।

साफिया जुवेर ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित किया जाना चाहिए, ताकि समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की शुरुआत कांग्रेस सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम थी।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र शर्मा, सरमथुरा प्रधान द्रोपदी देवी, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, रोशनी शिवहरे, शालिनी शर्मा, एससी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष शबनम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया।

## निजी बीएड कॉलेज पर अतिरिक्त फीस व अवैध फाइन वसूलने का आरोप



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** श्रीजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रबंधन पर अतिरिक्त फीस व अवैध फाइन लगाने का आरोप लगाते हुए जिला कलक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विद्यार्थियों ने पी.टी.ई.टी. परीक्षा के जरिए श्री जी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बिजौलियां में प्रवेश प्राप्त किया। साथ ही सभी दस्तावेज एवं शिक्षण शुल्क भी जमा करवाया हुआ है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि अतिरिक्त फीस कमाने की नियत से जानबूझ कर बिना नियमानुसार फाइन लगा कर सब विद्यार्थियों से अवैध वसूली करते हैं और अवैध फाईन नही देने पर भविष्य खराब करने,परीक्षा में प्रवेश नही देने व प्रायोगिक परीक्षा में फेल करने की धमकी दी जाती है। महाविद्यालय प्रबंधन पर शनिवार को भी परीक्षा देने में अड़चनें पैदा करने का आरोप लगाया गया है।

## बढ़ते तापमान पर प्रशासन का निर्णय, प्राथमिक कक्षाओं का समय घटाया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और लू (हीट वेव) की स्थिति को देखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने आदेश जारी कर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का विद्यालय समय 25 अप्रैल 2026 से सत्रांत तक प्रातः 7:30 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह निर्णय मौसम विभाग के तापमान वृद्धि और हीट वेव के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों तथा विद्यालय स्टाफ के लिए विद्यालय समय यथावत रखा गया है। जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तथा समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आदेश की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें। आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित करें।

## मिर्जापुर में दबंगों का तांडव, घर में घुसकर हमला, लूटपाट व मारपीट



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सदर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में एक परिवार के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना 16 अप्रैल की शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट के अनुसार कई नामजद आरोपी लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ घर में घुसे और जमकर उत्पात मचाया। रिपोर्ट में मुकेश त्यागी, हरिकेश त्यागी, कन्हैया त्यागी, कमल सिंह, नीतेश, कैलाशी, रामवीर, जीतू, राजू, सूरज, मुकेश, कलुआ, श्रीराम व अवतारी सहित अन्य को नामजद बताया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने घर के दरवाजे तोड़कर प्रवेश किया और अंदर खड़ी मोटरसाइकिलों, कूलर, बाथरूम, टाइल्स व दरवाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर में रखा सोना-चांदी का जेवर और लगभग 12,500 रुपये नकद ले जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की गई, जिसमें उन्हें चोटें आईं। रिपोर्ट में जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का भी उल्लेख है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद भी आरोपियों की ओर से दबाव बनाया जा रहा है, जिससे परिवार दहशत में है। स्थानीय स्तर पर लोगों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले में विभिन्न धाराओं के साथ अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता जताई जा रही है और आमजन ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## पशुपालन मंत्री जोगा राम कुमावत का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** कैबिनेट मंत्री जोगा राम कुमावत के शाहपुरा प्रवास के दौरान प्रजापत समाज के प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जयपुर दिल्ली रोड पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए पहुंचे। पशुपालन व डेयरी मंत्री जोगा राम कुमावत का पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुरेश प्रजापत के नेतृत्व में समाज के युवाओं और वरिष्ठ जनों ने उनकी अगवानी की। मंत्री ने शीतला माता के दर्शन कर खुशहाली की कामना की, जिसके बाद स्वागत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान शीतला माता समिति के अध्यक्ष सरदार मल कुमावत और सचिव मनीष प्रजापत ने मंत्री को समाज की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर गोपाल लाल प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत मानपुरा, रामनिवास चौधरी, अतर सिंह प्रजापत, फूलचंद कुम्हार, किशोर दरिया, मोनू प्रजापत, पीयूष मीणा आदि मौजूद रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला आयोजित

### मलेरिया से बचाव के बताए उपाय




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में मलेरिया व अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. शर्मा ने बताया कि सामान्य मलेरिया बुखार प्रायः जानलेवा नहीं होता, लेकिन समय पर उपचार न मिलने या लापरवाही बरतने पर यह गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने मलेरिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह एक-कोशिकीय परजीवी प्लाजमोडियम के कारण होता है, जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने मच्छरों की उत्पत्ति रोकने को सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए 'सूखा दिवस' की अवधारणा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को घरों एवं आसपास जमा पानी के स्रोत जैसे कूलर, मटके, परिंडे, फ्रिज की ट्रे, टायर, डिब्बे व अन्य कबाड़–की नियमित सफाई कर मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सकता है। कार्यशाला में मच्छर रोधी उपायों, एमएलओ के उपयोग, मच्छरदानी एवं रिपेलेंट के इस्तेमाल के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को मच्छरों के लार्वा का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर उनके जीवनचक्र एवं नियंत्रण के तरीकों को समझाया गया। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला के दौरान प्रिंसिपल कल्पना सैंगर, पंकज मुद्गल, एएममो गिर्राज सिंह त्यागी, प्रमोद त्यागी, सहित प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं मौजूद रही।

## गर्मी से पहले डिस्कॉम अलर्टः 59 ट्रांसफॉर्मरों में सिलिका जैल बदला, 32 में तेल भर क्षमता बढ़ाई

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)** गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जयपुर डिस्कॉम ने जिले में पावर ट्रांसफॉर्मरों की सेहत सुधारने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत 59 पावर ट्रांसफॉर्मरों में सिलिका जैल बदला गया है, जबकि 32 ट्रांसफॉर्मरों में उचित स्तर तक तेल भरकर उनकी कार्यक्षमता बढ़ाई गई है। डिस्कॉम अधिकारियों के अनुसार पावर ट्रांसफॉर्मर बिजलीघरों की सबसे महत्वपूर्ण मशीन होती है, जो 33 केवी वोल्टेज को घटाकर 11 केवी तक लाती है और उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में 3.15 व 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफॉर्मर उपयोग में लिए जाते हैं। यदि इन ट्रांसफॉर्मरों का रखरखाव सही नहीं हो, तो बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### ट्रांसफॉर्मर की सेहत पर क्यों जरूरी है ध्यानः

विशेषज्ञों के मुताबिक ट्रांसफॉर्मर की कार्यक्षमता उसके आंतरिक सिस्टम पर निर्भर करती है। इसमें ब्रीदर से जुड़ा सिलिका जैल, टैंक में तेल का स्तर और अर्थिंग सिस्टम का सही होना जरूरी है। यदि इनमें किसी भी प्रकार की कमी हो, तो ट्रांसफॉर्मर ओवरहीट होकर खराब हो सकता है या जलने का खतरा रहता है।

### सिलिका जैल का महत्वः

ट्रांसफॉर्मर के कंजर्वेटर टैंक में हवा का प्रवेश होता है, जिसमें मौजूद नमी तेल के साथ मिलकर नुकसान पहुंचा सकती है। सिलिका जैल इस नमी को अवशोषित कर लेता है, जिससे ट्रांसफॉर्मर सुरक्षित रहता है और उसकी कार्यक्षमता बनी रहती है।

### ट्रांसफॉर्मर ऑयल की भूमिका

ट्रांसफॉर्मर में प्रयुक्त तेल इन्सुलेशन और कूलिंग दोनों का काम करता है। यह हाई वोल्टेज के बीच शॉर्ट सर्किट को रोकने के साथ-साथ मशीन के अंदर पैदा होने वाली गर्मी को भी कम करता है। इसके अलावा यह आंतरिक स्पार्किंग को नियंत्रित करता है और वाइंडिंग को नमी व ऑक्सीकरण से बचाकर ट्रांसफॉर्मर की उम्र बढ़ाता है। डिस्कॉम अधिकारियों ने बताया कि समय-समय पर ऐसे मेंटेनेंस कार्य किए जा रहे हैं, ताकि गर्मी के मौसम में ट्रांसफॉर्मर फुल क्षमता के साथ कार्य करें और उपभोक्ताओं को बिना बाधा बिजली मिलती रहे।

## जिला अस्पताल में आगजनी की मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारी जांची

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में आपदा प्रबंधन और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार को आगजनी की व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास के दौरान अस्पताल में आग लगने की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक परिस्थितियों में जांच-परख की गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस, सिविल डिफेंस और होमगार्ड की टीमें कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गईं और तत्परता के साथ राहत कार्य शुरू कर दिया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालकर पूर्व निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। गंभीर एवं ऑक्सीजन सपोर्ट पर निर्भर मरीजों को विशेष सावधानी के साथ ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित किया गया, जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य वार्डों में भर्ती किया गया।

फायर ब्रिगेड की टीम ने उच्च स्तर की दक्षता का प्रदर्शन करते हुए अल्प समय में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान रेस्क्यू टीमों ने उत्कृष्ट समन्वय का परिचय देते हुए वार्ड खाली कराना, आपातकालीन सेवाओं को निर्बाध बनाए रखना और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर पूरी ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और संसाधनों का सही उपयोग ही जनहानि को न्यूनतम कर सकता है। उन्होंने अस्पताल के अग्निशमन तंत्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधारों पर चर्चा की। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से अस्पताल स्टाफ, चिकित्सा कर्मियों और राहत दलों को आपदा के समय सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और आपसी तालमेल बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

ड्रिल के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, सीओ सिटी कृष्ण राज, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार सहित पुलिस एवं प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिस्कॉम सख्तः संभागीय मुख्य अभियंता ने बैठक में विद्युत आपूर्ति, बिजली चोरी, राजस्व वसूली पर विस्तृत चर्चा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जयपुर डिस्कॉम के भरतपुर संभागीय मुख्य अभियंता विनय कुमार ने धौलपुर जिले के अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 मे धौलपुर जिले में हुइ रिकार्ड राजस्व वसूली के लिए सभी अभियंता व कर्मचारियों की सराहना की साथ ही इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से ही फील्ड में कडी मेहनत करने के लिए निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने कहा गर्मियों में विद्युत आपूर्ति महत्वपूर्ण है इसलिए इसका विशेष ध्यान रखें, विद्युत छीजत को 15' तक लाने के लिए बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जाए। बिजली चोरी के कारण फीडर पर ट्रिपिंग होती है जिस वज़ह से ईमानदार उपभोक्ताओं को भी परेशानी होती है। दिन व रात मे विजिलेंस चेकिंग की जाए।धौलपुर जिले के विभिन्न उपखण्ड मे भारी मात्रा मे राशि लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी व राजस्व वसूली मे शिथिलता बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। 181/ संपर्क पोर्टल की शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाय। शिकायतों का निस्तारण का भी सत्यापन किया जाए। स्ध विवेक शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 मे रिकार्ड राजस्व वसूली मे जिला प्रशासन व जिला पुलिस के विशेष सहयोग के लिए डिस्कॉम टीम की ओर से जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया व डिस्कॉम अधिकारियों को कड़ी मेहनत जारी रखने के निर्देश दिए है।शर्मा ने कहा हम विद्युत तंत्र को मजबूत कर रहे हैं अभी 20 ट्रांसफॉर्मर फील्ड मे लगाकर उपभोक्ता को राहत दी जाएगी वही कई स्थानो पर केबल बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। बैठक के बाद मुख्य अभियंता ने फील्ड भ्रमण किया व विद्युत तंत्र का जायजा लिया व अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं । बैठक में एक्सईन गोविंद सिंह, माखन मीना, नवीन भंडारी,एईन नवनीत कटारा, अनुराग मित्तल, ,प्रवेंद्र सिंह, बीएस मीना, सहायक राजस्व अधिकारी व जेईनआदि मौजूद रहे।

## भाबरु में पीर बाबा का 12वां उर्स आज

**जयपुर टाइम्स/विराटनगर(निस)।** क्षेत्र के ग्राम भाबरु में स्थित दरगाह हजरत शाह वादा रहमतुल्लाह अलैह पर पीर बाबा का 12वां उर्स (मेला) व भंडारा रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों व आयोजन समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।आयोजकों के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कौमी एकता, भाईचारा और सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए उर्स का आयोजन किया जा रहा है। दिनभर चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। दोपहर से शाम 7 बजे तक जीण माता म्यूजिकल ग्रुप, कोटपूतली की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें स्थानीय व बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद रात 9:15 बजे से कव्वाली प्रोग्राम का आयोजन होगा, जिसमें नामी कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर लंगर (भंडारा) की व्यवस्था भी की गई है, जहां श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर सकेंगे। साथ ही कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया जाएगा, ताकि दूर-दराज के लोग भी इस धार्मिक आयोजन से जुड़ सकें।आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर उर्स की रौनक बढ़ाने और दुआओं में शामिल होने की अपील की है।

## बसेड़ी में विद्यार्थियों का उग्र प्रदर्शन, विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### कम समय में परीक्षा तिथि घोषित करने से नाराजगी

### अनुत्तीर्ण परिणामों व पुनर्मूल्यांकन में देरी पर छात्रों का आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय बसेड़ी में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि परीक्षा कार्यक्रम में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। सामान्यतः एक सत्र के लिए लगभग छह माह का समय निर्धारित होता है, लेकिन इस बार प्रथम सत्र की परीक्षा समाप्त होते ही मात्र बीस से पच्चीस दिनों के भीतर द्वितीय सत्र की परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। छात्रों के अनुसार इतने कम समय में तैयारी करना संभव नहीं था, जिससे उनके परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। विद्यार्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि कई कक्षाओं में एक ही विषय में बड़ी संख्या में छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि इस प्रकार की मनमानी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक रघुराज सिंह परमार ने कहा कि ऐसे निर्णय विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र की परीक्षाएं समाप्त होने के दौरान ही द्वितीय सत्र की तिथियां घोषित कर दी गई थीं, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि गलती विश्वविद्यालय की है तो उसका खामियाजा विद्यार्थियों को क्यों भुगतना पड़े। नगर सह मंत्री शिवांशु ने आरोप लगाया कि द्वितीय सत्र के पुनर्मूल्यांकन के प्रपत्र अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं, जबकि तृतीय सत्र के प्रपत्र जारी कर दिए गए हैं। इसे उन्होंने छात्रों के साथ अन्याय बताया। प्रदर्शन के अंत में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए, सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा प्रभावित विद्यार्थियों को राहत प्रदान की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
26 अप्रैल, 2026

## जिला कलेक्टर ने दल्लूसर में 132 केवी जीएसएस का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को दल्लूसर में 132 केवी जीएसएस का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने जीएसएस की कार्यप्रणाली, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, उपकरणों के रख रखाव एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति सुचारू एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आमजन से विद्युत आपूर्ति के संबंध में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें। जिला कलेक्टर ने जीएसएस परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा उपायों एवं तकनीकी मानकों के पालन पर विशेष ध्यान देने, फीडर सुचारू किए जाने, ?सिविल कार्यों में गुणवत्ता मेंटेन करने व नियमित मॉनीटरिंग करने तथा समय पर रख रखाव कार्य, विद्युत तंत्र को मजबूत कर संभावित बाधाओं के त्वरित समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने की बात कही। एईएन लोकेश मीणा ने जीएसएस के संबंध में जानकारी दी।

## प्रवासी राजस्थानियों ने किया नाइजीरिया में कवि सम्मेलन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नाइजीरिया के लागोस में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में सुजानगढ़ के मूल निवासी महाकवि, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की रचनाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, शंभू शिखर, गौरव शर्मा सहित अंतर्राष्ट्रीय कवियों ने कविताओं प्रस्तुतिकरण और हास्य रस से समा बांधा। सुजानगढ़ निवासी घनश्याम भाटी ने कवियों के समक्ष पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की जीवनी के बारे में बताया और उनकी मुख्य रचनाओं के बारे में जानकारी दी। राजस्थानी समाज के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि राजस्थान के लोगों द्वारा नाइजीरिया में दीपावली स्नेह मिलन, टेलेंट शो, पिकनिक, फाल्गुन त्यौहार के अलावा जरूरतमंदों को सहायता करने जैसे प्रकल्प भी किए जाते हैं। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि हेड ऑफ चांसरी महेश, इंडियन लैंग्वेज स्कूल के प्रिंसिपल सोनाली गुप्ता, राजकुमार जैन, राजस्थानी समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोहर काबरा आदि मौजूद रहे।

## राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप स्थानीय स्तर पर हो आमजन की समस्याओं का समाधानः सुराणा

### कलेक्टर ने रोलासर में रात्रि चौपाल में आमजन से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को रोलासर में रात्रि चौपाल में आमजन से संवाद किया और जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क, खाद्य सुरक्षा योजनाओं, स्कूल में स्टाफ, चिकित्सा सेवाओं सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही त्वरित रूप से किया जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त परिवादों का नियमित फॉलोअप कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने क्षेत्र में पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा सहित बिन्दुओं को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान एसडीएम रामकुमार वर्मा, भानीपुरा तहसीलदार मुरारीलाल पारीक, विकास अधिकारी महेन्द्र सोलंकी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिक्षा में नैतिकता, मानवीय मूल्यों और संस्कारों का समावेश आवश्यकः मदन दिलावर

### शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर तारानगर आए

### विद्यालय का किया लोकार्पण, चूरू विधायक हरलाल सहारण





जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शनिवार को तारानगर दौरे पर रहे और इस अवसर पर उन्होंने कस्बे की एक निजी विद्यालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में नैतिकता, मानवीय मूल्यों और संस्कारों का समावेश आवश्यक है। हम सभी मानवीय मूल्यों को आत्मसात करें और देश को सर्वोच्च शिखर पर लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि भामाशाहों ने शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सराहनीय कार्य किया है। बालिका शिक्षा को समर्पित यह विद्यालय बेटियों का आत्मविश्वास सुदृढ़ करेगा और बेटियां पूरे विश्व में हमारा गौरव बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है। आज विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है व शिक्षण स्तर को निरंतर सुधार किया जा रहा है। विद्यार्थियों में नैतिक व मानव मूल्यों के विकास के लिए प्राचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया है और शिक्षण पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने टॉप किया है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों के लिए शिक्षण के दौरान मोबाइल का उपयोग बंद किया गया है, जिससे शिक्षा स्तर में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। विद्यालयों में शैक्षिक स्तर के उन्नयन की दिशा में शिक्षकों की अधिकतम भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दिशा में यदि विद्यार्थियों के 80 में से 40 नंबर नहीं आए तो शिक्षकों से कारण पूछे जा रहे हैं। शिक्षा अधिकारियों को 4 दिन गांवों में रात्रि विश्राम के निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामीण स्तर पर शिक्षा क्षेत्र को लेकर फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन सरकारी स्कूलों में जाएं और कहीं भी कोई गुंजाइश हो तो बताएं ताकि सरकार के स्तर से सुधार के प्रयास किए जा सकें। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूलों में पढ़े हुए पूर्व विद्यार्थियों को बुलाकर प्रतिभाओं से मिलाएं और बच्चों को निरंतर उन्नयन के लिए प्रोत्साहित करें। विद्यालयों में अच्छे नागरिक तैयार होंगे तो देश को अच्छे वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी आदि मिलेंगे। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हर नागरिक स्वस्थ रहे, इसके लिए गांवों में नियमित सफाई पर फोकस किया जा रहा है। हमारी सरकार की ओर से छोटी से छोटी ग्राम पंचायत को 01 लाख रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरपंच, प्रधान गण और अधिकारी मिलकर गांवों में सफाई सुनिश्चित करें। थैले का उपयोग करें और आमजन को भी प्रोत्साहित करें। प्लास्टिक थैलियां और कचरा हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में हरियाली को बढ़ावा देने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्थान में बीज बैंक के माध्यम से विलुप्त हो रही प्रजातियों की वनस्पति के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। हम सभी हरित राजस्थान के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रकृति संरक्षण का संकल्प लें और अधिकाधिक पेड़ लगाएं।

उन्होंने भामाशाहों की ओर से कस्तूरबा विद्यालय तक बालिकाओं के आवागमन हेतु वाहन की व्यवस्था, विभिन्न विद्यालय भवन निर्माण जैसे जनसेवा कार्यों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने उपस्थितों को स्वच्छता रखने व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने, गौसेवा, जल संरक्षण और अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के संकल्प दिलाया। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि समय का महत्व समझें। नशामुक्ति अभियान में भागीदारी करें। फिट रहें और खेलकूद गतिविधियों में भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि भामाशाहों ने जन्मभूमि पर सुविधाएं विकसित कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर प्रेरणा मिल रही है और सकारात्मक पहलुओं पर काम हो रहा है।

शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि किताब मनुष्य का भविष्य बदल सकती है। शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। शिक्षा क्षेत्र में दिया गया योगदान वर्षों तक याद किया जाता है। इन विद्यालयों में संस्कारवान शिक्षा से तैयार भावी पीढ़ी देश का गौरव बढ़ाएगी। उन्होंने युवा पीढ़ी से सोशल मीडिया से दूर रहने व आउटडोर गतिविधियों में भागीदारी लेने की आह्वान किया। पराक्रम राठौड़ ने कहा कि भामाशाहों के सहयोग से क्षेत्र की शिक्षा स्थितियां सुदृढ़ होंगी और संस्कारवान शिक्षा का विस्तार होगा। उन्होंने संस्कार केंद्रों में वाद्य यंत्र उपलब्ध करवाने की बात कही।

इस अवसर पर राकेश जांगिड़, जयपाल स्वामी, शिवप्रसाद, महावीर पूनिया, ओमप्रकाश कंदोई, ओम सारस्वत, विकास चाचाण, ओमप्रकाश सैनी, मदन प्रजापत, भंवरलाल, निरंजन लाल, सुरेश सैनी, श्यामसुंदर सहित अन्य मौजूद रहे।

## भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल की पहलः 11 सरकारी स्कूलो के 500 बच्चों को मिले स्कूल बैग

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बैंगलोर प्रवासी भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल के आर्थिक सौजन्य से सरकारी स्कूलों के 5 सौ बच्चों को स्कूल बैग मुहैया करवाये गये है। धूम धड़ाका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से यह प्रेरणास्पद पहल करते हुए शनिवार को स्टेशन रोड़ स्थित अग्रसेन भवन में बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ सुनीता पूनिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चो के लिए दिनों दिन भामाशाहों का सुविधाएं विकसित करने के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है, जो काफी अच्छी बात है। शिक्षाविद् स्नेहप्रभा मिश्रा ने कहा कि बच्चों को लगन के साथ शिक्षा हासिल कर देश के सुनागरिक बनने की अपील की। प्रदीप तोदी ने भामाशाह का आभार जताया। इस अवसर पर बाल भारती इंटरनल स्कूल के निदेशक नोपाराम मंडा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, विजय सिंह, साहित्य प्रेमी खड्ग सिंह बांठिया, जादूगर विराट सीनियर ने बच्चों को स्कूल बैग बांटे और इस पुनीत कार्य की सराहना की। स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई। सेटलर ट्रस्टी बसन्त बोरड़ ने बताया कि कार्यक्रम में 11 सरकारी स्कूलों के 500 बच्चों को स्कूल बैग दिए गए हैं। साथ ही जादूगर विराट जूनियर का सम्मान किया गया। इस दौरान जादूगर विराट जूनियर और सीनियर ने बच्चों को जादू के एक से बढ़कर करतब भी दिखाए। सेटलर ट्रस्टी बसंत कुमार बोरड़ ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से लगातार सामाजिक सरोकार से सम्बंधित गतिविधियां भामाशाहों के सहयोग से की जाती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। बोरड़ ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि भामाशाहों तक जरूरतमंदों की हर बात पहुंच सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष बोरड़, सीमा बोरड़, रानी जैन, नेहा पारीक, विकास सोनी, महेश शर्मा, दीपिका, मोनिका, यश्वी, प्रीति, पूजा आदि ने सहयोग किया। संचालन हेमन्त चोटिया ने किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यकः विधायक शर्मा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के शाकंभरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बोलते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का बीजारोपण भी आवश्यक है। इस कार्य में शाकंभरी विद्यापीठ प्रबंधन शानदार कार्य कर रहा है। पारीक भवन सभागार में सेकेंडरी विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिल शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा, अध्यक्ष पुष्पा देवी शर्मा, पार्षद शोभाकांत स्वामी, लाल बहादुर सेवदा, मदन सिंह निर्वाण ने मां सरस्वती के चित्रकार पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अतिथियों ने विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं छात्रवृत्ति के चेक भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने आगन्तुक अतिथियों एवं अभिभावकों का का स्वागत करते हुए विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संसाधन जितेंद्र स्वामी, ओमप्रकाश सुथार एवं दिव्या सोनी ने किया। कार्यक्रम में माणकचंद बोचीवाल, हरीश शर्मा, सुनील प्रजापत, विनोद जांगिड़, गौरीशंकर सहू, लक्ष्मीकांत महर्षि, श्याम राजवी सहित बड़ी संख्या में शहर के नागरिक, संस्था प्रधान व अभिभावक उपस्थित रहे।

## तारानगर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का भव्य स्वागत



### पण्डरेऊ टिब्बा में जनसभा, सरकारी स्कूलों के परिणामों की सराहना

### हर पंचायत में नियमित ग्राम सभा अनिवार्य



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान सरकार के शिक्षा व पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर का शनिवार को तारानगर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत पण्डरेऊ टिब्बा में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। एडवोकेट रामधन टिटानियाँ के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच मंत्री का माला, साफा और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। पूरे क्षेत्र में स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

मंत्री दिलावर अपने दौरे के दौरान सुखवासी गांव भी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।

इसके बाद पण्डरेऊ टिब्बा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी टॉपर बन रहे हैं, जो शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्री ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि हर पंचायत में नियमित ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य होगा। चाहे प्रशासक मौजूद हो या नहीं, ग्राम सभा हर हाल में आयोजित की जाएगी और उसकी अध्यक्षता उपसरपंच या वरिष्ठ पंच भी कर सकेंगे।

उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा, 'जिस किसी ने भी भ्रष्टाचार किया है, उससे एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा, चाहे वह मेरा अपना ही क्यों न हो।' उनके इस बयान पर सभा में मौजूद लोगों ने जोरदार समर्थन जताया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर मंत्री दिलावर ने गांव में पार्क और ट्यूबवेल बनवाने की घोषणा भी की, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़, पराक्रम सिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता महावीर पूनियां, पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी सभा को संबोधित किया।

मंच पर शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जमरदीन तेली, मेघराज मोगा, एडवोकेट रुस्तम अली सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनसमर्थन का स्वरूप प्रदान किया।

# प्रतिबंध के बावजूद शहर में बेलगाम भारी वाहन, प्रगति नगर में ओवरलोड ट्रक फंसा तो भड़का जनाक्रोश

### ओवरब्रिज निर्माण के बीच नियमों की धज्जियां; टूटी सड़कें, फूटी पाइपलाइन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध होने के बावजूद नियमों की खुली अवहेलना जारी है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है, लेकिन हकीकत यह है कि दिन हो या रात–प्रगति नगर सहित कई रिहायशी इलाकों में ओवरलोड ट्रक और अन्य भारी वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं। इससे आमजन का जीवन दूभर हो गया है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शुक्रवार रात हालात उस समय बिगड़ गए जब प्रगति नगर की संकरी गली में घुसा एक ओवरलोड ट्रक नीचे लटके बिजली के तारों में फंसकर बीच रास्ते में ही रुक गया। ट्रक के कारण गली पूरी तरह जाम हो गई और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। आक्रोशित लोगों ने चालक को घेर लिया और कड़ी नाराजगी जताते हुए वाहन को तुरंत वापस लौटाने की मांग की। काफी देर तक चली तीखी नोकझोंक के बाद ट्रक को पीछे हटाया गया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के निवासी ओमप्रकाश गुलेरिया ने बताया कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं और कई बार पाइपलाइन टूटने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इसी इलाके में जिला परिवहन अधिकारी का निवास है, तो फिर इस समस्या पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। वहीं अशोक प्रजापत ने कहा कि रात के समय स्थिति और भयावह हो जाती है। जब दो भारी वाहन आमने-सामने आ जाते हैं तो पूरी गली जाम हो जाती है, जिससे लोगों की नींद खराब होती है और दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। 'हर दिन डर बना रहता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए,' उन्होंने कहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भारी वाहन शक्ति माता चौराहे से अवैध रूप से शहर में प्रवेश कर आबसर खालियां गांव की ओर निकल जाते हैं, जबकि बोबासर पुलिया से आगे इनका प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद न तो कोई प्रभावी निगरानी हो रही है और न ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई। जनता की स्पष्ट मांग है कि प्रशासन तत्काल सख्ती बरते, शहर में प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी निगरानी रखे, अवैध रूप से घुसने वाले भारी वाहनों पर जुर्माना और कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और संभावित बड़े हादसे से बचाव हो सके।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।